जबलपुर

शुक्रवार, 21 मार्च 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





# मैं हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ, जज को संवेदनशील होना चाहिए

## ऐसे में महिलाएं और बच्चे कहां जाएंगे?

### हाईकोर्ट के फैसले पर भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने सवाल खड़े किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने सवाल खड़े किए हैं। रेखा ने कहा कि मुझे लगता है कि जज बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं हैं। उनको देखना चाहिए कि लोगों की मंशा क्या है? मंशा पर सजा मिलनी चाहिए न कि रेप होगा तभी सजा होगी। एनसीडब्ल्यू की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जजों का रेप का इंतजार नहीं करना चाहिए। विक्टिम को बचाना है, लड़कियों को बचाना है। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह के जजमेंट आएंगे तो महिलाएं और बच्चे कहां जाएंगे? शर्मा ने कहा कि हमारी बच्चियों का क्या होगा?

**क्या जब केवल दुराचार किया जाएगा तभी सजा मिलेगी**



### इन करतूतों को अपराध नहीं माना जाएगा?

राज्यसभा सांसद शर्मा का यह बयान इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद आया है। इसमें नाबालिग लड़की के स्तन को पकड़ना, उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना रेप या रेप की कोशिश के तहत अपराध नहीं माना जाएगा।

### एनसीडब्ल्यू को सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए, कपड़े किसलिए उतारेंगे?

रेखा ने कहा कि मुझे लगता है कि हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ एनसीडब्ल्यू को सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। एक याचिका दायर करनी चाहिए। यह जरूरी है कि इस तरह के लोगों को बताया जाए फिर चाहें वो जज ही क्यों न हों, वो ऐसी बात नहीं कर सकते या ऐसे जजमेंट नहीं दे सकते। शर्मा ने कहा कि जब ऐसे जजमेंट आएंगे तो लोग कैसे सीरियसली लेंगे? वे तो कहेंगे कि हमने तो कपड़े ही उतारे, रेप नहीं किया। शर्मा ने कहा कि बड़ी बात यह है कि आप बच्ची के कपड़े क्यों उतारेंगे? अगर आप रेप नहीं करना चाहते थे? उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट यह फैसला पूरी तरह से गलत है।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की के स्तन को पकड़ना, उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना रेप या रेप की कोशिश के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट ने अपने इस फैसले के आधार पर कासगंज जिले के 3आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ ट्रायल कोर्ट से जारी समन आदेश में बदलाव करने को कहा है। हाईकोर्ट ने आरोपियों की तरफ से दाखिल की गई क्रिमिनल रिवीजन की अर्जी को आंशिक रूप से मंजूर करते हुए अपने फैसले में कहा है कि आरोपियों के खिलाफ रेप की कोशिश और पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत जारी किया गया समन गलत है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत से कहा है कि वह समन आदेश में बदलाव करते हुए उन्हें छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट की दूसरी धारा के तहत समन आदेश जारी करे।

**यह है पूरा मामला**

मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र में 10 नवंबर 2021 को शाम पांच बजे हुई एक घटना से जुड़ा हुआ है। महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 14 साल की बेटी के साथ कहीं जा रही थी। रास्ते में पवन, आकाश और अशोक नाम के युवकों ने बेटी को घर छोड़ने के बहाने अपनी बाइक पर बैठा लिया। एक पुलिया के पास गाड़ी रोककर उसकी बेटी के स्तन पकड़े और नाड़ा तोड़ दिया।

---

## खबर संक्षेप

### सुतार को मिलेगा महाराष्ट्र भूषण सम्मान



**मुंबई।** देश के जाने-माने मूर्तिकार राम सुतार को महाराष्ट्र सरकार 'महाराष्ट्र भूषण सम्मान से सम्मानित करेगी। यह प्रदेश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि सुतार 100 वर्ष की उम्र में भी सक्रिय हैं। इंदु मिल प्रोजेक्ट के लिए डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर काम कर रहे हैं।

### दिल्ली के विधायकों की नहीं सुनते अधिकारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र को पत्र लिखकर अधिकारियों की शिकायत की है। पत्र में कहा है कि दिल्ली के अधिकारी विधायकों के पत्रों, फोन कॉल या मेसेज का जवाब नहीं देते हैं। स्पीकर ने कहा कि वे प्रशासनिक सचिवों, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, डीडीए को इस बारे में जागरूक करें।

### सीएम देवेंद्र कमजोर 'छावा' का ले रहे सहारा




**मुंबई।** शिवसेना ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर दंगों का ठीकरा फिल्म 'छावा' पर फोड़ा है जो उनका 'मनोबल कमजोर' होने का संकेत देता है। 'सामना' के संपादकीय में व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा कि भाजपा नीत सरकार घटना को लेकर फिल्म के अभिनेताओं, निर्देशक और निर्माताओं पर मामला दर्ज करेगी।

### मोदी ने पारसी नववर्ष पर कहा-नवरोज मुबारक



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नवरोज के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने कामना की है कि यह विशेष दिन सभी के लिए खुशियां, समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य लेकर आए।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, 'नवरोज मुबारक! मैं कामना करता हूं कि यह सभी के लिए सुख, समृद्धि लेकर आए।

### आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत



**गाजीपुर।** जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के लिंक मार्ग से गुरुवार को घर जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी और पुत्र की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई में जुट गए। कर्मा गांव निवासी रविशंकर कुशवाहा दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे।

---

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने टीएमसी सांसद गोखले को सुनाई खरी-खरी

# मैं सात बार चुनाव जीतकर आया हूं किसी की कृपा से यहां नहीं खड़ा हूं

### निजी टिप्पणी पर संसद में भड़के गृहमंत्री अमित शाह

**उन्हें यह भी मालूम नहीं- ये एजेंसियां गृहविभाग के तहत नहीं आतीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वे किसी की कृपा से यहां नहीं हैं, बल्कि वह 7 बार चुनाव जीत चुके हैं। दरअसल बुधवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की गई। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने सीबीआई पर बोलना शुरू किया तो गृहमंत्री ने बताया कि सीबीआई गृह मंत्रालय के अंतर्गत नहीं आती है। इसके बाद गोखले ने गृहमंत्री पर निजी टिप्पणी की। गोखले को जवाब देते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि वह किसी की कृपा या फिर किसी विचारधारा का विरोध करके यहां नहीं पहुंचे हैं। गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान साकेत ने सीबीआई को लेकर चर्चा शुरू की। इस पर गृह मंत्री शाह ने कहा कि चर्चा गृह विभाग पर हो रही है। इनको मालूम नहीं है कि सीबीआई और बाकी सारी एजेंसियों के नाम जो वे बोलना चाहते हैं, उनमें से एक भी गृह विभाग के अंतर्गत नहीं आते हैं। शाह ने कहा कि केवल गृह विभाग के बारे में चर्चा करनी चाहिए। अगर आप विस्तृत विषयों पर चर्चा करना चाहते हैं तो फिर मुझे भी अनुमति दीजिएगा। मैं हर चीज का जवाब दूंगा।

हम किसी भी विचारधारा का विरोध करने यहां नहीं पहुंचे

सीबीआई गृहमंत्रालय के अंतर्गत नहीं आती, जान लें



**अदालत के आदेश पर चुनावी हिंसा के मामले दर्ज किए गए :** शाह ने कहा कि सीबीआई के जो मामले कहे जा रहे हैं वे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के ऑर्डर से चुनावी हिंसा के लिए रजिस्टर किए गए। चुनावी हिंसा बंगाल में हुई थी, हमारी सीटें बढ़ीं, जहां हमारा बहुमत था चुन-चुन के उन बूथों पर हत्या की गई। महिलाओं के साथ दुराचार किया गया। इसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया।

**जमींदारी कौन कर रहा, पूरा देश देख रहा :** गृह मंत्री शाह ने कहा कि जमींदारी कौन कर रहा है अब वह पूरा देश देखेगा? उन्होंने कहा कि आप हाईकोर्ट को भी नहीं मानोगे। यह कह रहे हैं केस के परिणाम नहीं आ रहे हैं। बंगाल में एक भी सीबीआई स्पेशल कोर्ट नहीं है। नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि गोखले अपने कथन पर माफी मांगें और उसे वापस लें।

### सीबीआई पर गोखले ने किया था कमेंट

गोखले ने कहा कि सीबीआई ने 6900 हजार करप्शन केस दर्ज किए हैं। इनमें से बीते 20 वर्षों से 361 मामले लंबित हैं। उन्होंने गृह मंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों का हंगामा शुरू हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि किसी से डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। मैं किसी की कृपा से यहां नहीं आया हूं। गृहमंत्री ने कहा कि मैं 7 बार चुनाव जीत कर आया हूं। एक विचारधारा का विरोध करके यहां नहीं घुसा हूं। डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। ये सदन को गलत जानकारी दे रहे हैं।

### नारे वाली टीशर्ट में पहुंचे डीएमके सांसद, बिरला बोले ठीक नहीं

## तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा, परिसीमन में न्याय हो

लोकसभा में गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद कार्यवाही को दो बार शुरू किया गया, लेकिन हंगामे के चलते कुछ ही मिनटों में सदन स्थगित हो गया। अंत में शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही को स्थगित किया गया। यह पूरा बवाल डीएमके सांसदों की ओर से खास नारे वाली टीशर्ट पहनकर आने को लेकर हुआ। इन टीशर्ट्स में डीएमके सांसदों ने एक नारा लिखवाया था, जिस पर स्पीकर ने ऐतराज जताया। वहीं भाजपा समेत एनडीए के सांसदों ने भी खूब हंगामा किया। टीशर्ट्स में जो नारा लिखा था, वह था- तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा, परिसीमन में न्याय हो। सांसदों के इस तरह नारे लिखी टीशर्ट पहनकर पहुंचने पर स्पीकर ओम बिरला ने सख्त आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्य सदन की मर्यादा और गरिमा का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसा करना संसद की गरिमा का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकत करने से पहले नियम 349 पढ़ लेना चाहिए।



### तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी

स्पीकर बिरला ने डीएमके सांसदों से कहा कियदि आप नारे लिखी टीशर्ट पहनकर आएंगे तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। यदि आप इन टीशर्ट्स को उतारकर आएं, तभी सदन चलेगा। टीशर्ट पहनकर आने वाले ज्यादातर सांसद डीएमके के थे। उनका कहना था कि आगामी परिसीमन में तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है। इसलिए हम पहले से ही आगाह कर रहे हैं कि ऐसा कोई अन्याय न किया जाए।

---

## 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी

# नागपुर में 2 क्षेत्रों से हटा कर्फ्यू, अन्य में दी ढील



एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के बाद पुलिस ने 2 थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया है। बताया जा रहा नंदनवन और कपिलनागर पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी समाप्त कर दी गई है। अन्य थाना क्षेत्रों में दोपहर 2 से 4 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है। नागपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार हिंसा के बाद 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी लागू की गई थी। हालांकि, कोतवाली और तहसील गणेश पेठ थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा।

### हालात पर रखी जा रही नजर

पुलिस ने कहा कि शहर की स्थिति पर निगरानी जारी है और हालात को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नागपुर शहर में हुई हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक 69 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### मामले में 200 लोग नामजद

सोमवार को गणेशपेठ और कोतवाली पुलिस थानों में 5एफआईआर दर्ज की गईं, जिनमें 200 लोग नामजद हैं। अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। संदिग्धों की पहचान करने के लिए टीम साइबर सेल के साथ मिलकर काम कर रही हैं। नागपुर हिंसा के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किए गए 69 लोगों में 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' का नेता फहीम खान भी शामिल है। अधिकारियों ने पहले कहा था कि खान ने सोमवार को नागपुर पुलिस थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन का कथित तौर पर नेतृत्व किया था।

### खान पहले भी कई मामलों में आरोपी

पुलिस रिकॉर्ड से पता चलता है कि खान पहले भी बिजली चोरी और 2023-2024 में विरोध-प्रदर्शन समेत कई मामलों में आरोपी रहा है। एफआईआर में कहा गया कि खान के नेतृत्व में 50 से 60 लोगों का एक समूह सोमवार को गणेशपेठ पुलिस थाने के बाहर अवैध रूप से इकट्ठा हुआ और एक दिन पहले हुए विश्व हिंदू परिषद के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद, खान और आठ अन्य लोग भालदारपुरा इलाके में पहुंचे जहां शिवाजी महाराज चौक के पास अल्पसंख्यक समुदाय के 500 से 600 लोग इकट्ठा हुए थे। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

---

## लंदन जाने से पहले सीएम ममता बोलीं

# मुझे अपमानित करें, बंगाल को नहीं और झूठ न फैलाएं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की सीएमममता बेनर्जी 22 मार्च को लंदन जा रही हैं। उनको ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में बुलाया गया है। वे कई और कार्यक्रमों में शामिल होंगी। लंदन यात्रा के बारे में ममता ने कहा है कि उनके नहीं रहने पर मंत्रालय में मंत्री काम करने के लिए रहेंगे। ममता ने कहा कि जब हमारे देश के नेता बाहर जाते हैं तो हम लोग उनके खिलाफ कुछ नहीं कहते, लेकिन यहां पर कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारे खिलाफ वॉट्सएप और ईमेल पर दुष्प्रचार करते हैं।

### गलत बातें फैला रहे कुछ लोग

उन्होंने कहा कि वे लोग कुछ झूठी बातें बनाकर उसे वॉट्सएप ग्रुप में भेज रहे हैं। वे ईमेल भेज रहे हैं। वे बंगाल को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया मुझे अपमानित करें, बंगाल को नहीं। हमें कुछ ईमेल और कुछ व्हाट्सएप मिले हैं।

## तेलंगाना में 'मिस वर्ल्ड' पर बवाल

# लॉजिक समझाए कांग्रेस 200 करोड़ कहां से आएंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



तेलंगाना में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर बवाल मचा गया है। विपक्ष ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। तेलंगाना में प्रतियोगिता पर 200 करोड़ रुपए खर्च करने की बात कही गई है। इसके बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस ) ने कहा कि सरकार नकदी संकट का सामना कर रही है और कर्ज के बोझ में डूबी है, ऐसे में एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट पर 200 करोड़ रुपए कहां से खर्च हो रहे हैं?

### सूखा प्रभावितों की मदद की जाए


जब बजट भाषण के दौरान 200 करोड़ खर्च करने की बात कही गई, तब विपक्षी पार्टी के विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। बीआरएस ने प्रतियोगिता पर 200 करोड़ रुपए खर्च करने के बजाए सूखे से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 25000 रुपए दिए जाएं। बीआरएस ने मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर 200 करोड़ खर्च करने को लेकर कहा कि यह सरकारी पैसे का दुरुपयोग है।

## पेट दर्द से परेशान युवक का एक 'अंधा' कारनामा

# यूट्यूब देखकर खुद कर लिया ऑपरेशन लगाए 11 टांके और फिर पहुंचा अस्पताल

**मथुरा के वृंदावन का मामला**

एजेंसी ▶▶ वृंदावन



मथुरा के वृंदावन में पेट दर्द से पीड़ित युवक ने ऐसी हरकत कर डाली, जिसे देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए। इस ने यूट्यूब से देखकर खुद ही ऑपरेशन किया। वहमेडिकल से सुन्न करने का इंजेक्शन, ब्लेड और अन्य सामान लेकर आया। उसने पेट में 11 टांके भी लगाए। इसके बाद जब उसकी हालत बिगड़ी, तो वह दर्द से चीखने लगा। राजा बाबू ने खुद को सुन्न किया। इसके बाद सर्जिकल ब्लेड से अपना पेट चीर दिया। शुरुआत में दर्द का एहसास नहीं हुआ, लेकिन जैसे ही दवा का असर खत्म हुआ वह तड़पने लगा। युवक की चीखें सुनकर परिजन दौड़े और उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

### लगातार दर्द से तंग आकर यह कदम उठाया

राहुल ठाकुर ने बताया कि सुनरख निवासी चाचा राजा बाबू (32) पुत्र कन्हैया ठाकुर कई दिनों से पेट दर्द से परेशान थे। वे कई बार डॉक्टरों से इलाज करा चुके थे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। 18 साल पहले उनका अपेंडिक्स का ऑपरेशन हो चुका था, जिसके बाद से उन्हें बार-बार पेट दर्द की शिकायत रहती थी। लगातार दर्द से तंग आकर उन्होंने खुद ही अपना ऑपरेशन करने की ठान ली।

---

## शंभू बॉर्डर पूरी तरह खाली, प्रदर्शनकारी किसानों को किया बाहर

# सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को हटाया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने बुधवार देर शाम शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया, जिसके बाद सड़क को दोबारा खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शंभू बॉर्डर पर सड़क मार्ग को फिर से चालू करने की दिशा में अहम प्रगति हुई है। एकतरफा सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को पूरी तरह से हटा दिया गया है, जिससे मार्ग लगभग साफ हो चुका है। प्रशासन ने पंजाब से हरियाणा की तरफ आने वाली एक तरफ की रोड आम लोगों के लिए खोल दी है। साथ ही सभी इलाकों में इंटरनेट भी फिर से चालू कर दिया गया है। करीब 13 महीने से यह रास्ते बंद थे।

### किसानों के प्रदर्शन के चलते 13 महीने तक रहा बंद



**जल्द शुरू होगी यातायात बहाली**

हरियाणा से पंजाब की ओर जाने वाली सड़क पर अभी भी ड्रिलिंग का काम जारी है। निर्माण कार्य में कई मजदूर और मशीनें लगी हुई हैं, जो सड़क को पूरी तरह से ठीक करने में जुटी हैं। इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बहाल करने में कुछ और समय लग सकता है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पुलिस की निगरानी में कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

**सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया**

बुधवार रात में खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। बॉर्डर पर लगभग 600 किसान मौजूद थे, जिनमें से 400 से अधिक किसानों को डिटेन किया गया। किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को एक सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। इस दौरान कई किसानों ने विरोध भी किया।

### दोबारा आंदोलन किया तो पुलिस भी तैयार बोले डीआईजी

डीआईजी पटियाला रेंज मंदीप सिंह सिंधु ने किसान आंदोलन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर किसान दोबारा आंदोलन की ओर आते हैं, तो पुलिस भी तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की योजना 'क्लीन स्विप' के तहत बनाई गई थी और अब हरियाणा के लोग उन्हें फोन पर बधाई दे रहे हैं। सिंधु ने बताया कि किसानों को पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हटाया गया और इस दौरान किसानों ने भी पुलिस का पूरा सहयोग किया।

## हरिद्वार के युवक की काली करतूत

# एयरपोर्ट ऑफिसर बनकर 410 युवतियों से चैट, आखिर अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ पश्चिमी दिल्ली



डेटिंग एप पर इमिग्रेशन अधिकारी के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवतियोंमहिलाओं से धोखाधड़ी करने वाले को पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह हरिद्वार का अंकित सिंह है। उसके पास से 2 मोबाइल बरामद हुए हैं। इन मोबाइल पर डेटिंग एप के माध्यम से 410 युवतियों-महिलाओं से चैटिंग की गई थी। अश्लील फोटो दी थी।

### आईजीआई पर तैनाती बताई, पैसे ऐंठने लगा

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस को ठगी को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके पति के साथ वैवाहिक मतभेदों के कारण, उसने पिछले वर्ष दिसंबर में एक व्यक्ति के साथ दोस्ती की थी। वे वाट्सएप पर चैट करने लगे। इस दौरान आरोपित ने खुद को इमिग्रेशन अधिकारी के रूप में पेश किया, जो आईजीआई एयरपोर्ट पर तैनात है। इस तरह आरोपी दोस्ती के बाद महिलाओं से पैसे ऐंठने लगा।


जबलपुर
शुक्रवार, 21 मार्च 2025
■ चैत मास कृष्ण पक्ष-7
■ वर्ष : 19, अंक : 314
■ पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 33
न्यून. 21
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का अनुमान

## 2025 में भारत की जीडीपी 6.7 % की दर से बढ़ेगी




**एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी 6.7% की दर से बढ़ेगी और यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि भारत का यूएस के प्रति कम एक्सपोजर होने के चलते टैरिफ का असर कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि हमारी रेटिंग वाली अधिकांश भारतीय कंपनियों की आय में धीमापन आ सकता है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ऑपरेटिंग स्तर पर सुधार और वित्तीय क्षमता बढ़ने के कारण कंपनियां ऐसे दबावों को झेलने में सक्षम हैं।

### केमिकल सेक्टर में रिकवरी रहेगी जारी

*रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में गिरावट के बाद केमिकल सेक्टर में रिकवरी जारी रहेगी। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार इस साल ज्यादातर भारतीय कंपनियां फंडिंग के लिए ऑनशोर चैनल का इस्तेमाल करेंगी। इसकी वजह घरेलू बाजारों में कम लागत होना है। ऑफशोर चैनल में डॉलर बॉन्ड एक अच्छा विकल्प होगा, लेकिन कंपनियां इसका उपयोग सिलेक्टिवली करेंगी।*



**'कुंभकर्ण' बन किया अनोखा प्रदर्शन ताकि सरकार को जगा सकें**

# परिवहन घोटाले को लेकर विधानसभा में कांग्रेस का हंगामा, नारेबाजी व वॉकआउट

**सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग**

**परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने परिवहन घोटाले के आरोपों को नकार दिया। उन्होंने कहा कि पहले से जो जांच हो रही है, उसका परिणाम आने दें, उससे पहले कैसे आरोप लगा सकते हैं?**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में बजट सत्र के सातवें में दिन परिवहन विभाग में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। ध्यानाकर्षण पर चर्चा शुरू करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सौरभ शर्मा के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई। 52 किलो, 10 करोड़ के कैश के बारे में आज तक पता नहीं लग पाया, चेक पॉइंट पर अवैध वसूली हो रही है। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने सौरभ शर्मा की अवैध नियुक्ति का आरोप लगाते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग की।



### उठो कुंभकर्ण, जनता परेशान है

*इससे पहले कांग्रेस ने परिवहन घोटाले को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। महिदपुर से कांग्रेस विधायक दिनेश जैन कुंभकरण बने, जबकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस के अन्य विधायक बीन बजाकर उन्हें जगाने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस विधायक नारे लगा रहे थे, 'उठो कुंभकर्ण, जनता परेशान है', 'उठो कुंभकर्ण, प्रदेश बेहाल है'। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल किया कि क्या अधिकारी को हटाना ही भ्रष्टाचार खत्म करना है। क्या पिछले ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने घोटाला नहीं किया होगा। विभाग के एसीएस से जवाब तलब किया, केंद्रीय एजेंसियां आकर कार्रवाई कर रही हैं। गाड़ी, फॉर्म हाउस किसके हैं? सिंघार ने कहा कि 2013 से जितने परिवहन मंत्री रहे उनकी जांच क्यों नहीं हुई? जिन अधिकारियों पर आरोप लग रहे हैं उनकी सीडीआर क्यों नहीं देखी गई।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 1 अप्रैल से बदल जाएगा फास्टैग का नियम

**नई दिल्ली।** फास्टैग के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। लेकिन ये बदलाव महाराष्ट्र के यूजर्स के लिए है। अब सभी टोल प्लाजा पर फास्टैग को अनिवार्य कर दिया गया है। टोल प्लाजा के इन नियमों अपडेट भी देखने को मिल है जो वाहन चालकों पर सीधा असर डालेगा। 1 अप्रैल 2025 से सभी टोल प्लाजा पर ये अनिवार्य कर दिया जाएगा।




### 1 अप्रैल से लागू हो रही नई पेंशन स्कीम

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) एक नई केंद्रीय पेंशन योजना है जिसका ऐलान पिछले साल (2024) में मोदी सरकार ने किया था। 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली इस योजना का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को एक निश्चित पेंशन सुरक्षा देना है। एनपीएस के तहत यह योजना केंद्र के कर्मचारियों के लिए है।



### गेंद पर लार के उपयोग से प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने गुरुवार को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटा दिया। बोर्ड ने यह फैसला 10 टीमों के कप्तानों की सहमति के बाद लिया। आईसीसी ने कोरोना के दौरान गेंद को चमकाने के लिए उस पर लार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईपीएल ने भी प्रतिबंध जारी रखा।



**सीएम डॉ. मोहन यादव ने तराना में विकास के लिए खोला खजाना**

**कहा- उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाना हमारी कोशिश**

# ढाई हजार करोड़ की योजना सौ गांवों को देगी 'सिंचाई का पानी'

*सीएम ने कहा कि क्षिप्रा नदी के स्वच्छ और शुद्ध जल से सिंहस्थ के दौरान स्नान सुनिश्चित करने के लिए 900 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन्हें समय रहते पूरा कर लिया जाएगा।*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन जिले के तराना में नर्मदा - शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत पाइप लाइन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इसकी लागत 2490 करोड़ है और इस परियोजना से क्षेत्र के 100 गांवों को सिंचाई का पानी मिलेगा।

डॉ. यादव ने इसके साथ ही 9.64 करोड़ की लागत से बने इंदौख हाईलेवल ब्रिज का लोकार्पण, 7.15 करोड़ की लागत वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन, 5.73 करोड़ की लागत वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण और 5.21 करोड़ रुपए लागत की 11 नल-जल परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि अंचल के विकास के कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाने की है। इस दिशा में लगातार काम चल रहा है।

**»** ***तराना में किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन***

**»** ***11 नल-जल परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया***



### सिंहस्थ में स्नान के लिए 9 सौ करोड़ की योजनाएं



यादव तराना में श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर के नए महंत की चादर विधि कार्यक्रम और महारुद्र यज्ञ में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने संतों से कहा कि हमें उम्मीद है कि हम उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाने में सफल होंगे। इसके लिए लगातार काम हो रहे हैं। क्षिप्रा नदी के स्वच्छ और शुद्ध जल से सिंहस्थ के दौरान स्नान सुनिश्चित करने के लिए 900 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

### सांप-बिच्छू के मंत्र नहीं आते, तो छेड़ते क्यों हो?

कांग्रेस विधायक महेश परमार के मंच छोड़कर जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस में इतना साहस नहीं है कि वह बैठकर हमें सुन सके। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के मेले में कांग्रेस के अध्यक्ष की बुद्धि भ्रमित हो गई थी। उन्होंने कहा था कि नहाने से क्या होता है? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, 'जब आपको सांप-बिच्छू के मंत्र नहीं आते, तो आप उन्हें क्यों छेड़ रहे हैं?' दिल्ली चुनावों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों का जनता ने हिसाब चुकता कर दिया।

### नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना से होगा यह लाभ

*▶▶ 2489.65 करोड़ लागत की नर्मदा -शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना से उज्जैन जिले की दो तहसील (तराना, घटिया), विधानसभा क्षेत्र तराना के कुल 83 गांवों की 27,490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले की एक तहसील (शाजापुर) विधानसभा क्षेत्र शाजापुर के कुल 17 गांवों की 2,728 हेक्टेयर जमीन का फायदा होगा। परियोजना से कुल 100 गांवों की 30,218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।*

*▶▶ परियोजना में कुल 2254 किमी पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके जरिए उज्जैन शाजापुर जिले के 100 गांवों को सिंचाई के लिए पानी और उज्जैन, नागदा, तराना, घट्टिया, शाजापुर, मक्सी को पेयजल और उद्योग के लिए पानी मिल सकेगा।*

*▶▶ परियोजना के तहत ओंकारेश्वर जलाशय ग्राम बड़ेल जिला खंडवा से भूमिगत पाइपलाइन द्वारा 15 घन मीटर प्रति सेकेंड की दर से जल 435 मीटर ऊंचाई तक कुल 6 पंपिंग स्टेशन एवं 50 पंप मोटर के माध्यम से लिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए कुल 89 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी।*

*▶▶ परियोजना के तहत मुख्य पाइप लाइन और वितरण प्रणाली से 2.5 हेक्टेयर चक तक कुल 2254 किमी पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रति 20 हेक्टेयर पर एक ओएमएस बाक्स अर्थात कुल 1539 बाक्स स्थापित किए गए हैं।*

**अब दमोह में पुलिस पर हमला**



# हथियार जब्त करने गई थी 'टीम' आरोपी ने बंदूक से चला दी गोली

▶▶ एक पुलिस अधिकारी घायल
▶▶ अपराधी को भी गोली लगी
▶▶ आरोपी पर कई मामले हैं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह


जिले के देहात थाना अंतर्गत ग्राम मराहार में गुरुवार की सुबह पुलिस 23 अपराधों के आरोपी कासिम खान को पकड़कर अवैध रूप से रखे हुए हथियारों की तलाश में गई थी। इस दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जिससे जबलपुर नाका चौकी प्रभारी एएसआई आनंद अहिरवार के हाथ में गोली लगने से घायल हो गए।

### गोकशी सहित अन्य 23 मामलों में वांटेड आरोपी है कासिम

*पुलिस अधीक्षक श्रुति कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि गोकशी सहित अन्य 23 मामलों में वांटेड आरोपी कासिम कसाई को पुलिस द्वारा नागपुर से गिरफ्तार किया गया था। इसके उपरांत आरोपी द्वारा छिपाए गए अवैध हथियारों को पकड़ने के लिए कोतवाली एवं देहात थाना पुलिस की टीम संयुक्त रूप से आरोपी के द्वारा बताए गए स्थान पर गुरुवार की सुबह ले जाया गया था। जहां पर उसके द्वारा जिन स्थानों पर अवैध शस्त्र रखे हुए थे।*

**चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू**

### 30 अप्रैल से शुरू होगी यात्रा पहले गंगोत्री-यमुनोत्री खुलेंगे



देहरादून। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 मार्च से शुरू हो गया है। यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए आधार नंबर को अनिवार्य कर दिया गया है। यात्रियों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ गाड़ी नंबर भी भरना होगा।

गला घोंटा फिर पत्थर से सिर कुचला

### ग्वालियर में 12 साल की बच्ची ने चार साल के मासूम को मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

जिले के सिरोल कॉस्मो आनंदा टाउनशिप से मंगलवार दोपहर से लापता 4 साल के बच्चे का शव बुधवार रात टाउनशिप के पास ही एक गड्ढे से बरामद किया गया है। मामले में खुलासा हुआ है कि 12 साल की एक नाबालिग बच्ची ने उसकी हत्या की है। हैरत की बात है कि आरोपी नाबालिग उसे बेर खिलाने के बहाने ले गई थी। जहां उसने बच्चे का गला दबाया, फिर उसके सिर पर पत्थर से हमला किया।



■ शव टाउनशिप के पास ही एक गड्ढे से बरामद

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हैं नित्यानंद राय

### भांजों के बीच गोलीबारी, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजों के बीच गोलीबारी ने इलाके में सनसनी फैला दी है। केंद्रीय मंत्री की बहन को भी गोली लगी है। पुलिस का कहना है कि आपसी विवाद यह गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी की घटना में विश्वजीत यादव की मौत हो गई, जबकि जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को तुरंत इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के अस्पताल में भर्ती कराया गया।



■ पानी को लेकर दोनों पक्षों में हुआ था विवाद

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

### सैटेलाइट आधारित टोल के लिए करना होगा थोड़ा इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाईवे पर सैटेलाइट आधारित टोल प्रणाली के लिए अभी इंतजार करना होगा। इससे संबंधित नीति बनाने के लिए बनी समिति ने सुरक्षा और निजता की चिंताओं के कारण और अधिक विचार-विमर्श की जरूरत जताई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि सैटेलाइट आधारित टोल के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉगनिशन (एएनपीआर) फास्टैग सिस्टम पर काम किया जा रहा है।



■ सुरक्षा और निजता की चिंताएं बड़ा कारण

**बीजापुर और कांकेर में दो अलग-अलग मुठभेड़**

**हिड़मा की तलाश में 125 से ज्यादा गांवों की मैपिंग, तीन महीने में 77 का खात्मा**

# 30 नक्सली ढेर किए, ऑटोमेटिक हथियार और गोला-बारूद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिले में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई है।

अलग-अलग मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए। वहीं, बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार नक्सली मारे गए।



सभी 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा के पास थाना गंगालुर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी।

### अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलमुक्त होगा देश: शाह

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।*

**दिशा सालियान डेथ केस में घमासान**

**ठाकरे ने कहा-कोर्ट में ही जवाब दूंगा**

# आदित्य ठाकरे पर एफआईआर की मांग, पिता की हाईकोर्ट से गुहार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने दिशा की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की है। इसके लिए उन्होंने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिका में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया गया है। आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी। इधर, आदित्य ठाकरे ने कहा कि मैं कोर्ट में ही जवाब दूंगा। दिशा सालियान 8 जून, 2020 को मलाड में एक रिहायशी इमारत की 14वीं मंजिल से गिरकर मृत पाई गई थीं। उस समय मुंबई पुलिस ने इसे एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट के रूप में दर्ज किया था। कुछ ही दिनों बाद, 14 जून, 2020 को सुशांत सिंह राजपूत अपने बांद्रा अपार्टमेंट में मृत पाए गए।



जबकि शहर की पुलिस ने शुरू में इसे आत्महत्या बताया था, बाद में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने कहा कि आदित्य ठाकरे को विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और जांच का सामना करना चाहिए।


**मप्र हाई कोर्ट ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में सरकार के फैसले पर उठाए सवाल**

**सरकार को भर्तियों से संबंधित तथ्य लिखित में दाखिल करने होंगे**

# सरकारी भर्तियों में खाली रखे जाएं ओबीसी के 13% पद, हाईकोर्ट ने 2019 से भर्तियों का 'ब्योरा' मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग के 13 फीसदी पदों को होल्ड करने के सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने महाधिवक्ता से पूछा कि सरकार ने किस आदेश के तहत ओबीसी के 13 फीसदी पदों को रोका हुआ है, जबकि संबंधित याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि वह अपना कानून लागू करने में क्यों हिचकिचा रही है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने शिक्षक भर्ती में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों की नियुक्ति रोके जाने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई की।



### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

*हाईकोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में 58% आरक्षण लागू करने की अनुमति दी है। हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि जब दोनों राज्यों का विवाद एक जैसा है, तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश मध्य प्रदेश में क्यों नहीं लागू किया जा रहा है।*

**बीसीआई मान्यता के बगैर संचालित हो रहा सेंट्रल लॉ इंस्टीट्यूट**

### प्रदेश में ऐसे 135 कॉलेज, हाईकोर्ट ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को सौंपी जांच

**भोपाल।** जबलपुर के सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट पर भोपाल क्राइम ब्रांच एफआईआर की तैयारी में है। साल 2019 से इसकी बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) मान्यता समाप्त हो चुकी है। इसके बाद भी महाविद्यालय में लगातार छात्रों को एडमिशन दिया जाता रहा। सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट सहित अवैध ढंग से संचालित 135 इंस्टीट्यूट के खिलाफ जांच के आदेश भोपाल पुलिस के कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र को दिए गए थे। जांच में जबलपुर के सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट को अवैध रूप से संचालित करने की बात साफ हुई। अब क्राइम ब्रांच इस इंस्टीट्यूट के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज करने की तैयारी में है। 11 मार्च को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बिना मान्यता वाले विधि पाठ्यक्रम (एलएलबी-एलएलएम) में प्रवेश देने वाले कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का निर्देश दिया।

भारत की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था होगी और चाक-चौबंद

# सेना को मिलेंगी आधुनिक होवित्जर तोपें, 7000 करोड़ के सौदे को हरी झंडी, पाकिस्तान व चीन सीमा पर होगी तैनाती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना को जल्द 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) मिलने जा रहे हैं। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने इनकी खरीदी को मंजूरी दे दी है। लगभग 7000 करोड़ रुपए में इनकी खरीदी की जाएगी। सरकार की इस पहल को आर्टिलरी गन निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चीन और पाकिस्तान सीमा पर इन तोपों की तैनाती से सशस्त्र बलों को महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त मिलेगी। एटीएजीएस का निर्माण और डिजाइन स्वदेशी स्तर पर किया जा रहा है। 155 मिमी गुणा 52 कैलिबर की एटीएजीएस को होवित्जर तोप के नाम भी जाना जाता है।

**खास बातें**

- तोपों की 40 किलोमीटर तक है मारक क्षमता
- पुरानी 105 व 130 मिमी तोपों की जगह लेंगी
- वैश्विक रक्षा बाजार में भारत और मजबूत होगा

एटीएजीएस का निर्माण और डिजाइन स्वदेशी स्तर पर किया जा रहा है। 155 मिमी गुणा 52 कैलिबर की एटीएजीएस को होवित्जर तोप के नाम भी जाना जाता है। इन तोपों का प्रदर्शन स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के सामने भी हो चुका है



### निजी कंपनियों के सहयोग से होगा निर्माण

*लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम तोपों की श्रेणी को होवित्जर कहा जाता है। एटीएजीएस 40 किमी तक मार करने कर सकती है। बड़े कैलिबर की वजह से यह तोप दूर तक मार करने में सक्षम है। एटीएजीएस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2013 में किया गया था। इसका उद्देश्य सेना की पूरी तोपों को आधुनिक आर्टिलरी गनों में तब्दील करना था। एटीएजीएस को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है और निजी कंपनियों के सहयोग से इसका निर्माण किया जाएगा।*



**विदेश पर निर्भरता होगी कम**

*आर्टिलरी गन में इस्तेमाल 65 फीसदी से अधिक पार्ट्स को घरेलू स्तर पर तैयार किया गया है। इनमें बैरल, ब्रीच मैकेनिज्म, फायरिंग, रिकॉइल सिस्टम और गोला-बारूद हैंडलिंग मैकेनिज्म शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट से न केवल भारत के रक्षा उद्योग को मजबूत मिलेगी बल्कि विदेश पर निर्भरता भी कम होगी। एटीएजीएस भारतीय सेना में पुरानी 105 मिमी और 130 मिमी की तोपों की जगह लेंगी। इससे सेना का तोपखाना आधुनिक होगा।*

**रोजगार के अवसर होंगे पैदा**


स्वदेशी स्तर पर निर्माण होने के कारण एटीएजीएस के पुर्जे की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आएगी। इनके रखरखाव में भी आसानी होगी। नेविगेशन सिस्टम, मजल वेलोसिटी रडार और सेंसर जैसे अहम सबसिस्टम को देश में ही डिजाइन और विकसित किया गया है। इस वजह से विदेशी तकनीक और आयात पर देश को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सरकार का मानना है कि एटीएजीएस प्रोजेक्ट की वजह से विभिन्न उद्योगों में लगभग 20 लाख मानव दिवस के बराबर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वैश्विक रक्षा बाजार में भारत की स्थिति भी पहले से मजबूत होगी।

---

**खबर संक्षेप**

### 118 करोड़ रुपए में बिकी एमएफ हुसैन की पेंटिंग


**न्यूयॉर्क।** प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की एक पेंटिंग 13.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 118



करोड़ रुपए) में बिकी है। उनकी पेंटिंग ग्राम यात्रा ने आधुनिक भारतीय कला की सबसे महंगी पेंटिंग का रिकॉर्ड बनाया है। इस पेंटिंग को प्रसिद्ध चित्रकार के 1950 के दशक की सबसे अहम और विशाल पेंटिंग माना जाता है। 19 मार्च को न्यूयॉर्क के क्रिस्टी में इस पेंटिंग की नीलामी हुई। इससे पहले 2023 में अमृता शेरगिल की 1937 की द स्टोरी टेलर पेंटिंग की मुंबई में लगभग 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (61.8 करोड़ रुपए) में नीलामी हुई थी।

### टेक्सास की सीनेट ने होली को दी मान्यता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य टेक्सास की सीनेट में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में हिंदुओं के



त्योहार होली को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता दी गई है। इसके साथ ही टेक्सास अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है, जहां होली को औपचारिक रूप से मान्यता दी गई है। टेक्सास से पहले जॉर्जिया और न्यूयॉर्क भी होली को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता दे चुके हैं। टेक्सास की सीनेट में यह प्रस्ताव सीनेटर सारा एकहार्ट ने पेश किया। यह प्रस्ताव 14 मार्च को पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया गया।

### गाजा में हवाई हमलों में 58 से अधिक लोगों की मौत

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में बुधवार रात हुए इजराइली हवाई हमलों में 58 से अधिक फिलिस्तीनियों की



मौत हो गई। इजराइल की ओर से ये हवाई हमले दक्षिणी गाजा के खान यूनिस और राफा शहरों तथा उत्तरी गाजा के बेइत लाहिया कस्बे में किए गए। इससे पहले मंगलवार को इजराइल की ओर से किए गए हमलों में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को इजराइल ने भारी हवाई हमले शुरू कर दिए थे। जिसके बाद इजराइल और हमला के बीच लागू युद्धविराम समाप्त हो गया।

---

राज्यसभा में बोले केंद्रीय मंत्री सिंह

## अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र को 'प्रोत्साहित' कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीई) को पूर्ण अंतरिक्ष गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति देने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को उदार बनाया गया है। यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. सिंह ने बताया कि एनजीई गतिविधियों को बढ़ावा देने, सक्षम बनाने, अधिकृत करने और पर्यवेक्षण करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) की स्थापना की गई है। नियामक स्पष्टता सुनिश्चित करने और एक संपन्न अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारतीय अंतरिक्ष नीति- 2023, मानदंड, दिशानिर्देश और प्रक्रिया (एनजीपी) और एफडीआई नीति की स्थापना की गई।

**78 समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर**

अंतरिक्ष में स्टार्टअप्स और एनजीई को समर्थन देने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने निधि (टीएएफ), सीड फंड, मूल्य निर्धारण समर्थन, मेंटरशिप और तकनीकी प्रयोगशाला जैसी विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं, एनजीई के साथ 78 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और 31 दिसंबर 2024 तक 72 प्राधिकरण जारी किए गए हैं। आईएन-स्पेस पीपीपी के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन (ईओ) प्रणाली स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। भारतीय कंपनियों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रगति पर है। भारतीय संस्थाओं के लिए कक्षीय संसाधनों तक पहुंचने के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष में 1000 करोड़ रुपए का वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।

**हरियाणा में स्थापित होगी परमाणु परियोजना**

उत्तर भारत की पहली परमाणु परियोजना हरियाणा में गोरखपुर नाम के एक छोटे शहर में स्थापित की जा रही है। उन्होंने इसे भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने जैतापुर परमाणु ऊर्जा परियोजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि जैतापुर संयंत्र, एक बार चालू होने पर, छह परमाणु रिएक्टरों का समूह होगा, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 1,730 मेगावाट होगी, कुल 10,380 मेगावाट- जो 2047 तक भारत के 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा लक्ष्य का 10 प्रतिशत होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना के लिए पर्यावरणीय मंजूरी नवीनीकरण के अधीन है और पारिस्थितिकी और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

---

'एक्स' ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया

# केंद्र सरकार बोली- कानून का पालन करें सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आरोप सरकार धारा 79(3)(बी) का उपयोग 'शॉर्टकट' उपाय के रूप में कर रही*

*यूजर्स पर मढ़ा दोष कहा- उन पर निर्भर करता है कि वे वैध जानकारी साझा कर सकें*

दिग्गज अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। अपनी याचिका में एक्स ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर 'एक्स' ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। अपनी याचिका में एक्स ने आईटी एक्ट को लेकर कहा, यह एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। अब इसको लेकर केंद्र सरकार का जवाब सामने आया है। केंद्र पर मुकदमा दायर करने के बाद अब सरकार ने कहा है कि सरकार सही प्रक्रिया का पालन करेगी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कानून का पालन करना चाहिए।

■ गैरकानूनी सामग्री विनियमन को दी चुनौती



**भारत में सेंसरशिप को मिल रहा बढ़ावा**

एक्स ने अपनी याचिका में कहा है कि आईटी एक्ट की धारा 69ए केवल विशिष्ट कारणों, जैसे कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में कॉन्टेंट ब्लॉक करने की अनुमति देती है, और इसके लिए बकायदा एक रिव्यू प्रॉसेस की आवश्यकता होती है। धारा 79 केवल मध्यस्थों को तीसरे पक्ष की विषय-वस्तु के लिए उत्तरदायित्व से छूट प्रदान करती है। यह सरकार को धारा 69ए का उल्लंघन करते हुए अधिकारियों को उचित जांच के बिना कॉन्टेंट ब्लॉक करने की अनुमति देती है। कंपनी ने कहा है कि आईटी एक्ट की यह धारा भारत में सेंसरशिप को बढ़ावा दे रही है।

### 36 घंटे में अवैध सामग्री हटाने का प्रावधान गलत

*एक्स की याचिका में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (आईएंडबी) ने केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों और वास्तव में हजारों स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे धारा 69ए प्रक्रिया के बाहर, धारा 79(3)(बी) के तहत सूचना अवरोधन आदेश जारी करने के लिए अधिकृत हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन मंचों को अदालत के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाना अनिवार्य करती है। मंत्रालय के अनुसार, यदि कोई डिजिटल मंच 36 घंटे के भीतर अनुपालन करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत संरक्षण गंवाने का जोखिम होता है और उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह ठहराया जा सकता है। हालांकि, 'एक्स' ने इस व्याख्या को चुनौती दी है और दलील दी कि यह प्रावधान सरकार को सामग्री को ब्लॉक करने का स्वतंत्र अधिकार नहीं देता है।*

**ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर कर रहे**

एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के इस्तेमाल को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर 'एक्स' ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। कहा कि सरकार धारा 79(3)(बी) का उपयोग एक 'शॉर्टकट' उपाय के रूप में कर रही है, जिससे सामग्री को आवश्यक जांच के बिना हटाया जा सकता है। एक्स ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार धारा 69ए में लिखी गई कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए समानांतर कंटेट को रोकने के लिए तंत्र बनाने के लिए आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) का उपयोग कर रही है। अपनी याचिका में एक्स' ने दावा किया कि केंद्र का रुख श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2015 के फैसले से उलट है। उस फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कंटेट को केवल उचित न्यायिक प्रक्रिया या धारा 69 ए के तहत कानूनी रूप से रोका जा सकता है।

**ब्लॉकिंग से कारोबार को नुकसान**

*एक्स ने आगे कहा है कि केंद्र सरकार की इन हरकतों से भारत में उसके कारोबार को नुकसान पहुंच रहा है। कंपनी का कहना है कि यह यूजर्स पर निर्भर करता है कि वे वैध जानकारी साझा कर सकें और उसे डर है कि इस तरह के बेतरतीब ब्लॉकिंग आदेश उसके प्लेटफॉर्म और उपयोगकर्ता के भरोसे को नुकसान पहुंचा रहे।*


---

रूस और यूक्रेन के बीच शांति बहाली की उम्मीदें बढ़ीं

## 37 माह में पहली बार किया 175 बंदियों का आदान-प्रदान

एजेंसी ▶▶ कीव

तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में 10 लाख से ज्यादा लोगों की जान चली गई और करोड़ों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। हालांकि अब जाकर दोनों देशों के नागरिकों के लिए थोड़ी की



राहत बात सामने आई है, जिसके तहत दोनों देशों ने युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई और 175 कैदियों का आदान-प्रदान किया है, जो कि शांति बहाल करने की दिशा में सकारात्मकता की ओर इशारा कर रहा है। वहीं दोनों देशों के बीच हुए 175 कैदियों के आदान-प्रदान पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन सैनिकों, सार्जेंटों और अधिकारियों को वापस ला रहा है, जो विभिन्न सैन्य बलों जैसे सशस्त्र बल, नौसेना, राष्ट्रीय रक्षक, प्रादेशिक रक्षा बलों और सीमा रक्षक सेवा में हमारी स्वतंत्रता के लिए लड़े थे।

**शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

जेलेंस्की ने कहा कि सभी कैदियों और नागरिकों की रिहाई शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही इससे दोनों देशों के बीच विश्वास स्थापित करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने बार-बार सभी के लिए कैदियों की अदला-बदली की मांग की है। पहले रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उसने गंभीर रूप से घायल 22 अतिरिक्त यूक्रेनी बंदियों को 'सद्भावना के तौर पर' रिहा किया है।

**यूक्रेन पर फिर बरसे रूस के ड्रोन**

वहीं, मंगलवार रात भर रूस ने 150 से अधिक ड्रोन हमले किए। इनमें कई हमले सीधे ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए। जेलेंस्की ने इसे 'नाटकीय विरोधाभास' बताया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन का यह कहना कि यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं होगा, पूरी तरह झूठ है।

---

बिल गेट्स की सीएम फडणवीस से मुलाकात

## गेट्स फाउंडेशन सरकार के साथ राज्य को मलेरिया मुक्त बनाएगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए गेट्स फाउंडेशन हमारे साथ साझेदारी करेगा। हमने स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे में एआई-संचालित प्रगति के साथ-साथ डेंगू नियंत्रण और नवाचार शहर साझेदारी पर भी चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा स्थापित यह संगठन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य में सुधार, गरीबी को कम करने और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है। फडणवीस ने 'एक्स' पर



लिखा कि हम दोनों ने स्वास्थ्य, कृषि एवं बुनियादी ढांचा सुविधाओं के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल सहित विभिन्न विषयों पर बहुत अच्छी चर्चा की, जिसमें युवाओं, किसानों, गरीबों और महिलाओं के लिए महाराष्ट्र की पहल और योजनाएं शामिल हैं, जैसे लखपति दीदी और लाड़की बहिन योजना, जिसने आर्थिक उत्थान में बहुत योगदान दिया है।

---

ताइवान के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने दिया भरोसा

## भारत को चीन के साथ व्यापार घाटा कम करने में करेंगे मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ताइवान भारत को चीन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात को कम करने में मदद कर सकता है और दोनों पक्षों के बीच आर्थिक भागीदारी बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त व्यापार समझौता करना होगा। यह कहना है ताइवान के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हुसु चिएन का। हुसु ने कहा कि व्यापार समझौते से सेमीकंडक्टर और अन्य उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में ताइवान की कंपनियों के लिए भारत में अधिक निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा, क्योंकि उच्च शुल्क व्यवस्था को कम करने में मदद मिलेगी। हुसु चिएन ने कहा कि ताइवान की प्रौद्योगिकी और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के बीच तालमेल बिठाकर भारत में उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी वाले घटकों का उत्पादन किया जा सकता है।



**आर्थिक सहयोग के विस्तार की संभावनाएं**

हुसु ने कहा कि मुझे लगता है कि संबंधों के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं, विशेषकर आर्थिक सहयोग के मामले में। भारत विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स घटकों का चीन से आयात करने के बजाय उनका संयुक्त उत्पादन करके चीन के साथ अपने विशाल व्यापार घाटे को कम कर सकता है। इनमें से अधिकांश आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) उत्पाद हैं, जिनके उत्पादन की हमारी दृष्टि से भारत में काफी संभावनाएं हैं। और ताइवान न केवल सेमीकंडक्टर, बल्कि अन्य सभी आईसीटी उत्पादों के मामले में भी मदद कर सकता है।

**भारत बड़ा बाजार**

*हुसु ने कहा कि भारत अपने आप में एक बहुत बड़ा बाजार है और आपके पास बहुत युवा आयु की जनसंख्या है, जिसका उपयोग कार्यबल में किया जा सकता है। इसलिए ताइवान की प्रौद्योगिकी और जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ, मैं आर्थिक सहयोग का बहुत उज्ज्वल भविष्य देखता हूं।*

---

वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से प्रकाशित वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में खुलासा

# फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश, भारत रैंकिंग में सुधार कर 118वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

फिनलैंड लगातार आठवीं बार दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना है। 147 देशों की इस रैंकिंग में भारत को 118वां स्थान मिला है। पिछले साल इस रैंकिंग में भारत 126वें नंबर पर था। इस तरह भारत की रैंकिंग में आठ स्थानों का सुधार हुआ है।

हालांकि, चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में भारत से इस बार भी पाकिस्तान ने बाजी मार ली है। पाकिस्तान को हैप्पीनेस इंडेक्स में 109वीं रैंकिंग मिली है। वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की



ओर से प्रकाशित वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार अन्य नॉर्डिक देश भी एक बार फिर खुशी की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। फ़िनलैंड के अलावा, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन शीर्ष चार में बने हुए हैं और इसी क्रम में हैं।

**रैंकिंग में अमेरिका 24वें स्थान पर**

*रैंकिंग में शीर्ष 20 में यूरोपीय देशों का दबदबा है, लेकिन कुछ अपवाद भी हैं। हमास के साथ युद्ध के बावजूद, इजराइल आठवें स्थान पर है। कोस्टा रिका और मेक्सिको पहली बार खुश देशों के शीर्ष 10 में शामिल हुए, ये क्रमशः छठे और 10वें स्थान पर हैं। अमेरिका इस रैंकिंग में अपने अब तक के सबसे निचले स्थान 24वें नंबर पर पहुंच गया है। इससे पहले 2012 में वह 11वें स्थान पर था।*

*दुनिया के 20 सबसे खुशहाल देश में इजराइल भी!*

*फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, कोस्टा रिका, नॉर्वे, इजराइल, लक्जमबर्ग, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड, बेल्जियम, आयरलैंड, लिथुआनिया, ऑस्ट्रिया, कनाडा, स्लोवेनिया और चेक गणराज्य। अफगानिस्तान (नंबर 147) एक बार फिर सूची में सबसे नीचे है। सिएरा लियोन (नंबर 146), लेबनान (नंबर 145), मलावी (नंबर 144) और जिम्बाब्वे (नंबर 143) खुशहाली के मामले में सबसे निचले पांच देशों में शामिल हैं।*

**डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन शीर्ष चार में बने हुए**

रिपोर्ट के अनुसार, खुशहाली सिर्फ आर्थिक विकास से तय नहीं होती, बल्कि इसमें लोगों का आपसी भरोसा और सामाजिक जुड़ाव भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। यह अध्ययन एनालिटिक्स फर्म गैलप और यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क के साथ साझेदारी में किया गया था। गैलप के सीईओ जॉन क्लिफ्टन ने कहा कि खुशी सिर्फ धन या विकास से जुड़ा नहीं है- यह विश्वास, संबंध और यह जानने के बारे में है कि लोग आपका साथ दे रहे हैं या नहीं।

धान खरीदी घोटाला मामला

# जिला प्रशासन की एक और बड़ी कार्यवाही 77 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

## अंतर जिला मिलिंग परिवहन में फर्जी आरओ के माध्यम से किया घोटाला

**हरिभूमि जबलपुर। जिले में हुई फर्जी धान खरीदी फर्जी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था की जिले में एक और घोटाला सामने आ गया है. जिला प्रशासन द्वारा अंतर जिला मिलिंग परिवहन में फर्जी आर ओ के माध्यम से व्यापक घोटाला किया जाने की शिकायत सामने आई थी जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा समिति गठित कर जांच की गई. जांच उपरांत जबलपुर के विभिन्न थाना क्षेत्र मैं लगभग 74 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है. प्रकरण में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक दिलीप कार का नाम भी शामिल है।**



गौरतलब है कि जबलपुर जिले में तीन लाख 81000 मेट्रिक टन धान की खरीद हुई थी जिसमें अनेक अनियमिताएं पाई गई थी इसके पश्चात जिला प्रशासन द्वारा 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमें समिति प्रबंधक खरीदी केंद्र प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर एवं वेयर हाउस संचालक शामिल थे. इसके पश्चात भी जांच लगातार जारी थी, कहा जा रहा था कि अंतर जिला मिलिंग परिवहन में भी भारी गफलत हुई है इसकी शिकायत पाटन विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अजय बिश्नोई द्वारा मुख्यमंत्री से की गई थी.

### विभिन्न पहलुओं पर की गई थी जांच-

जिला प्रशासन द्वारा गठित समिति ने जब जांच की तब सच्चाई सामने आई, समिति ने पाया कि जिन उपार्जन केदो से जिन मिलरो को धान उठाओ करना था उनके द्वारा व्यापक फर्जीवाड़ा किया गया है, यहीं नहीं धान का उठाव न करके मिलरों ने दलालो के माध्यम से धान के हेराफेरी की है.

### 74 अधिकारी, कर्मचारी व मिलरों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज कराई गई फिर में सबसे बड़ा नाम नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक दिलीप किरार का है, उनके साथ नान के 13 कर्मचारी, 17 राइस मिल संचालक, 25 सोसाइटी / उपार्जन केंद्र के 44 कर्मचारी सहित कुल 74 लोगों के खिलाफ 12 थाना क्षेत्रों में FIR दर्ज कराई गई है।





# मौसम के तेवरों का स्वास्थ पर हमला

जबलपुर।

मौसम की प्रतिकूलता के कारण जनजीवन का मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। हर दूसरे घर में सर्दी, खांसी बुखार के साथ-साथ हर फूटन (बदन दर्द) के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। खांसी, जुकाम, बुखार के साथ-साथ हैजा, डायरिया का प्रकोप भी चल रहा है। सरकारी अस्पतालें हों या प्रायवेट अस्पतालें, सब हाऊसफुल चल रहे हैं। ग्रीष्म ऋतु में इन दिनों जब तापमान औसत से अधिक चल रहा है तब मौसम कभी शुष्क रहता है, कभी आसमान पर बादल छा जाते हैं। कभी हल्की बूंदाबांदी हो जाती है, जिससे उमस बढ़ती है। मौसम के इस मिश्रित हालातों में सूक्ष्म वैक्टीरिया तेजी से पनप रहे हैं। खासकर मच्छरों की पैदावार बढ़ने से वे खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री और पानी में मच्छरों के बैठने से संक्रामक रोग बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल विक्टोरिया के संक्रमण वार्ड मरीजों से हाऊसफुल चल रहा है। कमोबेश यही स्थिति शहर के निजी अस्पतालों की भी है। इस मौसम में डायरिया,कै-दस्त के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं वायरल फीवर ने भी जोर पकड़ लिया है। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतारें लगी हुई हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में गरिष्ठ भोजन भी नुकसानदायक है। ज्यादा तेल, घी, मिर्च-मसाले वाला भोजन जल्दी डायजेस्ट नहीं हो पाता, जो कै-दस्त का कारण बनता है। इसके अलावा बाजारों में खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री सबसे ज्यादा खतरनाक है। खाद्य पदार्थों और पीने के पानी में अगर मच्छर बैठ जाए तो डायरिया होना निश्चित है। इसी कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। साफ स्वच्छ पानी और हल्का व ताजा भोजन ही बचाव का मुख्य साधन है। इस सीजन में बाजारों में मिलने वाली खुली खाद्य-सामग्री से लोगों को बचना चाहिए। इस मौसम में खासकर बुजुर्गो और बच्चों में सर्दी खांसी और बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है। चिकित्सकों की माने तो इस सीजन में ब्लड प्रेशर और हृदय रोगियों को बेहद सावधानियां बरतनी चाहिए। समय पर नियमित दवाई लें वहीं एकदम गर्म से ठंडे और ठंडे से गर्म वातावरण में न जाए, मतलब एसी, कूलर से दूरी रखे।

**खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों से भरी ओपीडी**

## जबलपुर में भव्य आयोजन की तैयारियाँ शुरू

# नवकार दिवस में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

जबलपुर।

संपूर्ण विश्व में 9 अप्रैल को विश्व नवकार दिवस मनाया जाएगा, जिसमें जबलपुर भी इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनेगा। पंडित रविशंकर शुक्ल क्रीड़ांगन में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की प्रबल संभावना है। इस कार्यक्रम को लेकर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल मध्य प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी से मुलाकात की और उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया।सी ए अखिलेश जैन ने चर्चा के दौरान उन्हें अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय नवकार दिवस समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि वे जबलपुर में नवकार दिवस समारोह में शामिल हों।

### मंत्रियों को दिया गया आमंत्रण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जेआईटीओ के पूर्व जोनल चेयरमैन सुबोध जैन, सचिव संजीव चौधरी, अध्यक्ष राहुल बड़कुल, शैलेश जैन और संदीप जैन , नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों का स्वागत किया और नवकार दिवस के प्रथम पोस्टर का अनावरण करवाया। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी को भी आमंत्रित किया गया।

### विश्व शांति के लिए सामूहिक नवकार मंत्र जाप

नवकार दिवस के इस विशेष आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस दिन जबलपुर सहित विश्वभर में सुबह 8:00 से 9:00 बजे तक सभी धर्मों के लोग एक साथ नवकार मंत्र का जाप करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व शांति, आध्यात्मिक उन्नति और सद्भावना को बढ़ावा देना है।जबलपुर में आयोजित होने वाले इस महाआयोजन को लेकर धार्मिक व सामाजिक संगठनों में भारी उत्साह है।

## दो राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना में परिवर्तन

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने प्रशासनिक कार्य की सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ दो राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना में परिवर्तन के आदेश जारी किये हैं। इनमें कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार प्रदीप कुमार तिवारी को तहसीलदार रांझी तथा प्रभारी तहसीलदार रांझी राजीव मिश्रा को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार नजूल के पद पर पदस्थ किया गया है।

## माँ कर्मा देवी की 1009वीं जयंती 25 मार्च को मनाई जाएगी

जबलपुर। श्री माँ कर्मा साहू युवा संस्था ने बताया कि साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1009वीं जयंती 35वें वर्ष 25 मार्च को शाम 06 बजे से मानस भवन राइट टाउन स्टेडियम के पास हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इस संबंध में संस्था कार्यालय गंजीपुरा चौक में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें माँ कर्मा जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष दीपक साहू, अनिल साहू, रमेश साहू, सुनील साहू, लखनलाल साहू, योगेन्द्र साहू, सतीश साहू, राजकुमार साहू, धीरज साहू, गगन साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष दीपक साहू ने साहू समाज के समस्त सदस्यों से उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

# पैराकोट ग्लाइफोसेट की बिक्री पर लगे प्रतिबंध

## ग्लाइफोसेट की बिक्री मुफ्त में कैंसर परोसना है : मिश्र

जबलपुर।

भारत के कृषि क्षेत्र में ग्लाइफोसेट के प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से उपयोग जारी है जिसका प्रभाव अब देश के आम नागरिकों में बढ़ते कैंसर, हृदय रोग, त्वचा संक्रमण व पाचन संबंधी गंभीर रोगों के रूप में दिखाई पड़ने लगा है। जिसको लेकर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कृषि वैज्ञानिकों ने बकायदा पत्र लिखकर मध्यप्रदेश सरकार को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया है। जिसको लेकर देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भारत में ग्लाइफोसेट की तत्काल बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने अपने बयान में कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण ग्लाइफोसेट पर 21 अक्टूबर 2022 को अधिसूचना जारी कर प्रतिबंध लगा दिया था। किस की कृपा से ग्लाइफोसेट जहर से बने उत्पादों को देश के किसानों को उपयोग करने परोसा जा रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए।

जबकि ग्लाइफोसेट जैव विविधता के लिए खतरा और जल, मिट्टी व हवा को जहरीला बनाता है। यह मुफ्त में कैंसर बांटने जैसा है। इससे होने वाले प्रभावों के लिये किसानों को दोषी ठहराना गलत है। भारतीय किसान संघ ने पूर्व में भी अनेक बार किसान व देश के नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर ग्लाइफोसेट को सभी प्रकार से उपयोग पर प्रतिबंध की मांग की थी। श्री मिश्र ने आगे कहा कि ग्लाइफोसेट से बने उत्पादों की भारत में बिक्री होना चिंताजनक है और देश के नागरिकों के स्वास्थ्य व पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है। इस पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है। यह हत्या से भी गंभीर अपराध है।

### ग्लाइफोसेट के स्वास्थ्य पर प्रभाव..

ग्लाइफोसेट से निर्मित उत्पादों के खेती में बढ़ते प्रयोग के कारण दूषित अनाज के खाने से व्यक्ति को कैंसर, प्रजनन और विकास संबंधी विषाक्तता से लेकर न्यूरोटॉक्सिसिटी और इम्यूनोटॉक्सिसिटी तक हो सकते हैं। लक्षणों में जलन, सूजन, त्वचा में जलन, मुंह और नाक में तकलीफ, अप्रिय स्वाद और धुंधली दृष्टि इसके लक्षणों में शामिल हैं।

### कृषि के इको सिस्टम के लिये भी खतरा

किसान संघ का कहना है कि ग्लाइफोसेट के बने उत्पादों का कृषि क्षेत्र में सभी फसलों पर उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। जो कि उत्पादित अनाज की गुणवत्ता व उपयोग करने वाले मनुष्यों के लिये तो गंभीर खतरा है ही, इसके साथ यह भारतीय किसान, खेतों व कृषि क्षेत्र के इको सिस्टम की प्रकृति के संतुलन को भी विगाढ़ रहा है।

### 35 देशों में ग्लाइफोसेट के इस्तेमाल पर है प्रतिबंध

करीब 35 देशों ने ग्लाइफोसेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है इनमें श्रीलंका, नीदरलैंड, फ्रांस, कोलंबिया, कनाडा, इजरायल और अर्जेंटीना शामिल हैं। भारत में ग्लाइफोसेट को केवल चाय के बागानों और चाय की फसल के साथ लगे गैर-बागान क्षेत्रों में ही इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है। इस पदार्थ का कहीं और इस्तेमाल करना गैरकानूनी है।



## एलायंस क्लब मारबल रॉक्स का होली मिलन संपन्न

**जबलपुर।** एलायंस क्लब जबलपुर के मारबल रॉक्स द्वारा रंगों का पर्व होली मिलन होटल समदड़िया में आयोजित किया गया। अध्यक्ष सतीश साहू, लेडिज अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों का स्वागत रंग, गुलाल लगाकर किया। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल चौरसिया, मनीष खरे, सचिव विभा ब्यौहार, अध्यक्ष सतीश साहू, लेडिज अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव, प्रो. एलपीएस राजपूत, प्रो. डॉ. आरएन साहू, कविता सराफ, खुमेश गढ़ेवाल, आलोक साहू, सारिका साहू, रंजना गुप्ता, प्रियंका सोनी, निशा अग्रवाल, पायल खंडेलवाल, गीता जेठा, संजय सोनी, दिलीप पटारिया, शुभी गढ़ेवाल, मंजू गुरु, मंजू खरे, माधुरी सोनी, रुचि सुहाने आदि उपस्थित रहे।

माढ़ोताल कटंगी रोड पर अज्ञात बदमाशों ने की वारदात

# बहन से समझौता करने भाई को चाकू मारा

जबलपुर।

माढ़ोताल थाना अतंर्गत कटंगी रोड पर रास्ते में आए 6 अज्ञात बदमाशों ने रोका और चाकू व डंडे से हमला कर युवक को घायल कर दिया। हमलावर युवक से कह रहे थे कि अपनी बहन को समझा लो कि वीरेंद्र शर्मा के खिलाफ जो केस किया उसमें समझौता कर ले। इसी बिन्दु के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही हैं। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोष्टी मोहल्ला बजरिया कटंगी निवासी 25 वर्षीय राहुल बर्मन दोपहर लगभग 1.30 बजे वह कटंगी वायपास होते हुए अपनी बहन के यहां हाउसिंग बोर्ड कालोनी अधारताल जा रहा था। दोपहर लगभग 2 बजे जैसे ही फोर्ड फीगो शोरूम के लगभग आधा किलो मीटर आगे पहुंचा तभी सामने से एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति और एक स्कूटर में तीन व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधे हुये आये और उसकी मोटर सायकल के आगे अपनी मोटर सायकल अड़ा कर उसका



रास्ता रोककर गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो एक व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया तथा दूसरे ने पैर पर डंडा से और चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर बोले कि तुम्हारी बहन से कहना कि वीरेन्द्र शर्मा के खिलाफ जो केस दर्ज कराया है उसमें समझौता कर ले और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 126(2), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## प्रमुख पेंशनर एसो. के पदाधिकारियों ने गुलाल, फूलों से खेली होली

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर एसोसियेशन के अध्यक्ष एचपी उरमलिया के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने 19 मार्च को शाम 04 बजे टाउन हॉल गांधी भवन में उपस्थित होकर महात्मा गांधी के चरणों में पुष्प अर्पित कर रंगपंचमी का त्यौहार आपस में मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, पुष्प वर्षा करके फूलों की होली खेली तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शेषमणि पांडे, गौरीशंकर पांडेय, एमएल चौकसे, विजय चौकसे, आरपी चौबे, आरके श्रीवास्तव, जीपी सराठे, एके शुक्ला, एसपी शुक्ला, श्रवण कुमार श्रोती, राधारमण तिवारी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।





# विधि की पुस्तकों का अध्ययन कर पैरवी में सदुपयोग करें

## हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी ने नवागत वकीलों को किया प्रेरित

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी ने कहा कि आज जिन नवागत अधिवक्ताओं को विधि की पुस्तकें उपहार स्वरूप प्राप्त हुई हैं, वे उनका पूर्ण मनयोग से अध्ययन करें। साथ ही अर्जित ज्ञान का पक्षकारों के हित में प्रकरणों की सुनवाई के दौरान पैरवी में सदुपयोग कर वकालत के प्रोफेशन में नाम रोशन करें। वे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अधिवक्ता स्व.पीएस तिवारी स्मृति दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन केअध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे, रमन पटेल व संजय वर्मा, जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता त्रिलोचन सिंह रूपराह, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह व हाई कोर्ट बार के पूर्व सचिव अधिवक्ता मनीष तिवारी मंचासीन थे।अधिवक्ता मनीष तिवारी ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने पिता अधिवक्ता स्व.पीएस तिवारी की स्मृति में नवागत अधिवक्ताओं को विधि की पुस्तकें भेंट कीं। साथ ही कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन को वाटर कूलर की सौगात दी। उन्होंने यह उपहार एमपी स्टेट बार काउंसिल के कोषाध्यक्ष बतौर प्राप्त समस्त टीएडीए की राशि से प्रदान किया। पूर्व में भी इसी भांति प्रतिवर्ष उपहार प्रदान किए जाते रहे हैं। इस परंपरा के अंतर्गत हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति त्रय राजेंद्र मेनन, एसके गंगेले व संजय द्विवेदी भी अपने पिता की पुण्य स्मृति में दान राशि भेंट कर चुके हैं। संचालन परितोष व आभार प्रदर्शन मनीष तिवारी ने किया। कार्यक्रम में संपूर्ण तिवारी, विपुल जैन, विनोद तिवारी, आशीष तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

**अधिवक्ता स्व.पीएस तिवारी की स्मृति में कलेक्ट्रेट बार को भेंट किया गया वाटर कूलर**

### दिवंगत वकीलों का हुआ पुण्य स्मरण

इसके उपरांत मंचासीन अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में दिवंगत वकीलों का पुण्य स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित किया। उनके तैलचित्रों पर माल्यार्पण किया। यह परंपरा 2016 से निरंतर है।

# करोड़ों की वित्तीय अनियमितता के मामले में लोकायुक्त जांच के निर्देश

**कृषि उपज मंडी समिति, जबलपुर सहित अन्य मंडियों से जुड़ा प्रकरण**

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने कृषि उपज मंडी समिति, जबलपुर सहित अन्य मंडियों में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता के आरोप संबंधी जनहित याचिका को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने लोकायुक्त के समक्ष मामले की शिकायत किए जाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने लोकायुक्त को निर्देश दिया है कि शिकायत पर छह माह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर के मुकेश कुमार राय व प्रकाश सितपाल ने आरोप लगाया था कि मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड में वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का गबन किया गया है। उप निदेशक (कृषि विपणन बोर्ड), जबलपुर, आनंद मोहन शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

### जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों का विवरण :1.94 करोड़ का गबन

किसानों के लिए आवंटित समूह प्रतिभूति निधि से धनराशि निकालकर व्यक्तिगत लाभ के लिए खर्च कर दिए।

### 42 लाख का फर्जी खर्च

फर्नीचर, एलईडी, कूलर, प्यूरीफायर आदि की



फर्जी खरीद दिखाकर धनराशि गबन की गई।

### अधिकारियों की संलिप्तता

जनहित याचिकाकर्ताओं के अनुसार, कृषि विपणन बोर्ड के कई उच्च अधिकारी इस घोटाले में शामिल हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की।

### याचिकाकर्ताओं की मांग

जनहित याचिका में यह मांग की गई थी कि अनियमितताओं की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। हाई कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि यदि याचिकाकर्ता लोकायुक्त की जांच से असंतुष्ट रहते हैं, तो वे आगे किसी भी उपयुक्त न्यायिक मंच पर अपील कर सकते हैं। बहरहाल, अब इस मामले में लोकायुक्त की रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## पुलिस कर्मियों पर हमला करने वालों को पांच-पांच वर्ष का कारावास

जिला अदालत ने बेलखेड़ा थाने में पदस्थ पुलिस कर्मियों पर सब्बल से हमला कर लहूलुहान करने के आरोपित पाटन निवासी कल्लू व मंधू पिता लच्छू उर्फ लछोटी बर्मन, मोहन और रामकुमार पिता कल्लू उर्फ कोमल बर्मन का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की कोर्ट ने आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।दो-दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने कोर्ट को बताया कि सात जून, 2019 को बेलखेड़ा थाने में पदस्थ आरक्षक संदीप की ड्यूटी डायल-100 में थी। जिस पर ग्राम झलौन से शुभम लोधी ने फोन कर सूचना दी कि पंचू बर्मन और कल्लू बर्मन के परिवार के बीच झगड़ा हो रहा है। जिस पर आरक्षक संदीप, आरक्षक मनोज, रोहित, डायल-100 का वाहन चालक धर्मेन्द्र व एएसआई लेखराम ग्राम झलौन पहुंचे। जहां पंचू बर्मन को लेकर वह घटनास्थल ग्राम कूड़ाकला हार पहुंचे। जहां आरोपित कल्लू बर्मन के घर के सामने पहुंचे, जहां सभी आरोपित पंचू के साथ गाली-गुफ्तार करने लगे। पुलिस कर्मियों ने समझाइश दी तो चारों आरोपी कल्लू पिता लच्छू बर्मन उम्र 45 वर्ष, मंधू पिता लच्छू बर्मन उम्र 57 वर्ष, मोहन पिता कल्लू उर्फ कोमल बर्मन उम्र 26 वर्ष व रामकुमार पिता कल्लू उर्फ कोमल बर्मन उम्र 26 वर्ष सभी निवासी ग्राम कूड़ाकला हार बेलखेड़ा ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए गालीगलौज करते हुए लाठी व सब्बल से पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। जिससे आरक्षक संदीप, लेखराम व अन्य को गंभीर चोटें आईं। मामले के विचारण दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने चारों आरोपितों को सजा सुना दी।

# औषधीय पौधों की खेती से स्वास्थ्य और आजीविका संभव

**सुगन्धित पौधों की खेती एवं प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण**



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना औषधीय, सुंगध पौधे एवं पान पर हो रहे शोध कार्यो का निरीक्षण डॉ. मनीष दास, निदेशक एवं परियोजना समन्वयक, निदेशालय औषधीय एवं सगंध पौधे (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) आनन्द, गुजरात, साथ में अन्य एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.एल. सारग, डॉ. मनीष मित्तल, डॉ. मनीष सुथार द्वारा किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय को सौंपे गये शोधकार्यों की प्रगति पर खुशी जताते हुये कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये गये, ताकि भविष्य की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना किया जा सके। इस दौरान परियोजना में कार्यरत विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ. विभा पांडेय एवं डॉ. चन्द्रशेखर पांडेय ने चर्चा की। इस अवसर पर पादप कार्यिकी विभाग अन्तर्गत संचालित हर्बल गार्डन, सीड्स म्यूजियम, बायोफर्टिलाइजर यूनिट का भी आगंतुक दल ने भ्रमण किया। अनुसूचित जनजाति उपयोजना, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,नईदिल्ली वित्त पोषित द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती एवं प्रसंस्करण विषय पर पनागर के पौड़ी ग्राम में भारत सरकार के संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान निदेशालय, आनंद, गुजरात से पधारे संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष दास एवं वैज्ञानिक डॉ. पी.एल.सारम, डॉ. मनीष मित्तल एवं डॉ. मनीष सुथार डॉ. विभा पांडेय तथा डॉ. चन्द्रशेखर पांडेय आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रमुख औषधीय फसलों जैसे कालमेध, अश्वगंधा, सतावर, गुड़मार एवं तुलसी आदि की उत्पादन तकनीक, कीटरोग प्रबंधन, प्रसंस्करण, बाजार व्यवस्था एवं विक्रय, इनके मूल्य संवर्धित उत्पाद आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

## समरसता सेवा संगठन यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

जबलपुर।

"समरसता होली महोत्सव" में भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर ने सुदर्शन समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा में वरिष्ठ कनिष्ठ एवं युवा व मातृशक्तियों का आत्मीय स्वागत वंदन अभिनंदन किया। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन एवं सचिव उज्जवल पचौरी और संगठन के समस्त पदाधिकारीगणों द्वारा समरंग यात्रा एवं सांस्कृतिक संध्या रंगपंचमी, विराट समरंग यात्रा दोपहर 3:00 बजे आरंभ हुई, श्रीराम जानकी मंदिर से अनेक स्थानों से होते हुए डीएन जैन मैदान



में समापन हुआ। दीपक नाहर ने कहा कि सर्वजातियों को समरसता सेवा संगठन के द्वारा जोड़ने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सचिव पप्पू गिरानिया, प्रसादी लाल बिरहा, प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चोहटेल, प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर, जिला अध्यक्ष अशोक कटारे, अजय अधिकार, रामकिशन हाटे, भारत बिरहा, प्रमोद चोहटेल, सहित अन्य सामाजिकगण मौजूद रहे।

## झारिया मेहरा समाज का वार्षिक सम्मेलन 23 को

**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में झारिया मेहरा समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन मानस भवन ऑडीटोरियम में 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। सम्मेलन के दौरान युवक-युवतियों के तय हो चुके विवाह दहेजरहित संपन्न कराये जाएंगे। विवाह योग्य युवक-युवतियों द्वारा मंच से परिचय दिया जाएगा। साथ ही कक्षा दसवीं, बारहवीं एवं इससे उच्च कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के डॉ. एनपी झारिया, गनेश झारिया, संतोष मेहरा, संतोष झारिया, अजय झारिया, गोपाल खांडेल, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, हरि मेहरा, संजीव झारिया, डॉ. आरएस झारिया, पुष्पा झारिया, बलराम झारिया सहित पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## गंदगी को लेकर गंगानगर निवासी हुए लामबंद

जबलपुर।

गंगानगर स्थित नव निवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क निवासी गंदगी को लेकर क्षेत्रीयजन पार्षद एवं विधायक की कार्यप्रणाली को लेकर नारेबाजी कर लामबंद हुए। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यहां पूरी कॉलोनी में सीवर लाइन डालने के नाम पर खुदाई कर दी गई है तथा अभी तक नालियों को बन्द भी नहीं किया गया है जिससे कि पूरी कॉलोनी में गंदगी है एवं नालियां बजबजा रही हैं एवं सड़क पर पड़े मलबे के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है, आने-जाने की दिक्कत होती है। कॉलोनीवासियों ने यह भी बताया कि सैकड़ों बार वार्ड पार्षद जीतू कटारे को इस समस्या के निदान के लिए अवगत कराते आ रहे हैं परंतु क्षेत्रीय पार्षद की निष्क्रियता के चलते वह इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं



दे रहे हैं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक पाठक तथा राजकुमार पटेल, तेज सिंह ठाकुर, अमित साहू, गोलू कोष्टा, विक्रम ठाकुर, अखिलेश ठाकुर एवं क्षेत्रीयजन ने कहा कि जल्द से जल्द कॉलोनी की समस्या का समाधान किया जाए अन्यथा हम सभी कॉलोनीवासियों के साथ मिलकर निकट भविष्य में जन आंदोलन करेंगे।



## सिंधी नववर्ष चेट्रीचंड्र पर आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता

**जबलपुर।** लालसाई झूलेलाल के अवतरण दिवस एवं सिंधी नववर्ष चेट्रीचंड्र के शुभ अवसर पर एलसीसी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता एसपीएल का पांचवां संस्करण स्थानीय रानीताल स्टेडियम में 20 से 25 मार्च तक प्रतिदिन अपरान्ह 3:45 से रात्रि 12 बजे तक कराया जा रहा है। एलसीसी परिवार के द्वारा आयोजित इस छह दिवसीय आयोजन में 16 टीमों के (सिर्फ सिंधी समाज के) कुल 224 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एसपीएल में हर टीम में जबलपुर के 10 और जबलपुर के बाहर पूरे देश के अलग अलग हिस्सों के 4 खिलाड़ी होना अनिवार्य है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से अलग अलग टीमों से जबलपुर शहर के 160, जबकि मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुल 64 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। संस्था के सदस्यों कमल कलवानी, रिंकू गोगिया, विनोद कलवानी, दीपक छगानी, गोविंद मूलचंदानी, अजय लालवानी, राकेश देवानी, प्रकाश छगानी, रवि मोटवानी एवं रूपेश खत्री के विशेष प्रयासों से ये कार्यक्रम प्रति वर्ष संपन्न कराया जा रहा है।

### नगर बेन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 को

**जबलपुर।** बेन समाज जबलपुर का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 05 बजे तक गोरखपुर रामगढ़िया हॉल डॉ. भंडारी अस्पताल के बाजू से आयोजित है। बेन समाज के अध्यक्ष शंकर बेन, सचिव नरेन्द्र बेन, रमेश बेन, बंटी बेन, तुलसी बेन, बलराम बेन, अशोक बेन, देवीसिंह, अनिल बेन प्रमोद बेन, परिचय सम्मेलन अध्यक्ष झलकन बेन, सचिव गुलशन बेन, हुकुम बेन सहित अन्य ने बेन समाज के प्रत्येक परिवार से इस परिचय सम्मेलन में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## रेलवे स्टेशन की आरपीएफ चौकी बंद होने से नगर वासियों में भारी आक्रोश

**विधायक और सांसद से दखल देने की अपील**

**सिहोरा।** पश्चिम मध्य रेल का प्रमुख स्टेशन सिहोरा रोड की सुरक्षा अब भगवान भरोसे होने जा रही है क्योंकि रेलवे द्वारा यहां पूर्व से स्थापित आर पी एफ पुलिस चौकी को बंद करने के फैसले के निर्णय की जानकारी लगते ही। सिहोरा खितौला वासियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। फैसले की जानकारी लगते ही नगर उपनगर वासियों ने जबलपुर सांसद और सिहोरा विधायक से इस मामले में दखल देने की अपील की है। विदित हो कि सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन को भारत सरकार ने अमृत योजना में चयन किया है। जिसके कारण यहां व्यापक रूप से रेलवे के विस्तारीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। ऐसे में सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार की बजाय पूर्व से मिली हुई




आरपीएफ पुलिस सुरक्षा की सुविधा को छीन लेना समझ से परे है।सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार चौदहा ने बताया कि सांसद आशीष दुबे और क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े के समक्ष पूरे मामले की जानकारी पहुंचा दी गई है।सिहोरा वासियों ने चेतावनी दी कि रेलवे ने सिहोरा स्टेशन से पुलिस चौकी बंद करने का अपना फैसला वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## दुर्लभ बीमारी के उपचार को अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च जनरल में मिली जगह

**खूनी पसीना नाम की दुर्लभ बीमारी जिसका ज्यादातर लोग नाम तक नहीं जानते**

**जबलपुर।** केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विवि में होम्योपैथी संकाय के अंतर्गत बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी द्वारा होम्योपैथी उपचार के क्षेत्र में किए गए कार्य को अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल जर्नल फॉर रिसर्च एनालिसिस में प्रकाशित किया गया है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि दुर्लभ बीमारी हीमैटोहाइड्रोसिस (खूनी पसीना) से पीड़ित एक 17 वर्षीय किशोरी को होम्योपैथी उपचार के



बाद अब स्वस्थ है। एक अन्य मामले में एक किशोर को भी इसी बीमारी से राहत मिली है। इस दुर्लभ बीमारी में शरीर से पसीने की बजाय खून का रिसाव होता है, जोकि मरीज के लिए कष्टप्रद स्थिति है। करोड़ो लोगों में से कोई एक इस बीमारी से पीड़ित होता है। बतौर डॉक्टर द्विवेदी लोग ज़्यादा पसीना निकलने से ही काफ़ी परेशान हो जाते हैं लेकिन यदि पसीना की बजाय शरीर से ख़ून टपकने लगे तो उनका जीना मुश्किल हो जाता है,घर परिवार के साथ साथ स्कूल कोचिंग में लोग उनसे दूरी बनाने लगते हैं लोग इसे भूतिया परेशानी समझने लगते हैं।

## रविदास विचार मंच ने धूमधाम से मनाई रंगपंचमी

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 19 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से लालकुंआ पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष चंदाबाई के निवास पर होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार आकाश में तारे हिल-मिलकर रहते हैं उसी प्रकार हम मानव को भी मिल-जुलकर रहना चाहिए। होली मिलन कार्यक्रम में हम सभी ने प्रेम पूर्वक रंगपंचमी उत्सव मनाया और प्रेम, सदभावना का जिक्र किया। आयोजन में मंच के मानिकलाल जाटव, रामसिपाही सेठ, वाल्मीक चौधरी, राहुल चौधरी, कमल चौधरी, श्यामलाल, योगेश चौधरी, लखन खरे, नारायण विश्वकर्मा, सियाबाई, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, लक्ष्मीबाई, चंदाबाई सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## पंचायत सचिव को चार माह से नहीं मिला वेतन

**सिहोरा।** ग्रामीण विकास की अहम कड़ी पंचायत सचिव को ही जब हर माह वेतन नहीं मिलेगा तो कहां तक शासकीय योजनाएं एंव उनका लाभ आम जनता तक पहुंच पायेगा यह सोचनीय विषय है। सरकार सचिवों से काम तो बराबर लेती है पर समय पर वेतन ही नहीं दे पा रही अगर यहीआलम रहा तो पंचायत के विकास कार्य कहा तक आगे बढ़ पायेंगे। प्रदेश के पंचायत सचिवों को तीस चार माह से वेतन न मिलने के

**प्रदेश अध्यक्ष यादव के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन**

कारण उनको भीषण आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है और हर समय आश्वासन ही मिलता है वेतन नहीं।जय नर्मदे हर पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष राममिलन यादव के नेतृत्व में अनेक सचिवों ने वेतन की मांग को लेकर आयुक्त सह संचालक छोटे सिंह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग संचालनालय भोपाल को ज्ञापन सौंपा।जिसमें कहा गया है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग संचालनालय भोपाल द्वारा अभी तक 3.4 माह का वेतन जारी नहीं किया गया है इससे सचिवों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। अतः शासन द्वारा अतिशीघ्र सचिवों को वेतन भत्ता प्रदान किया जाये तथा आने वाले माह में भी महिने की एक तारिख के पहले ही भुगतान किया जाये । इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी,सचिव प्रहलाद पाण्डे,कोषाध्यक्ष हरिकांत पटेल,पुरुषोत्तम लाल यादव,दीपक गुप्ता,रितेश जैन,लालजी विश्वकर्मा, प्रमोद पांडे सहित अनेक प्रदेश एंव ब्लाक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

**श्रीमती कुलवंत कौर चक्कल-** थम्मन सिंह का बाड़ा गोरखपुर निवासी श्री रंजीत सिंह चक्कल की धर्र्मपत्नी श्रीमती कुलवंत कौर चक्कल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती निर्मला तिवारी-** श्रद्धा कॉलोनी ललपुर रोड निवासी श्री राम कुमार तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. सुभाष अरोरा-** मुस्कान हाईट्स नेपियर टाउन निवासी डॉ. सुभाष अरोरा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अन्नूपूर्णा सिंह-** मोदी बाड़ा सदर निवासी श्री राजेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार लोधी-** शारदा कॉलोनी कंचनपुर निवासी श्री अशोक कुमार लोधी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती काशी बाई दुबे-** नैनपुर मंडला निवासी श्री होसी लाल दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती काशी बाई दुबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती महारनिया बाई साकेत-** रविदास नगर राधा कृष्णन वार्ड निवासी श्री रामपति साकेत की धर्मपत्नी श्रीमती महारनिया बाई साकेत (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पवन बिरहा-** कवर्धा हाउस पुल नं. 2 शीला कम्पाउंड के पास निवासी श्री इंद्रपाल बिरहा के पुत्र श्री पवन बिरहा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे सिंह लोधी-** कांचघर निवासी श्री छोटे सिंह लोधी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम किशोर रजक-** नगर निगम बिल्डिंग तिलहरी निवासी श्री राम किशोर रजक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजली ईशा प्रजापति-** कछियाना लालमाटी द्वारका नगर निवासी श्री अशोक प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती अंजली ईशा प्रजापति (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र यादव-** गली नं. 19, सदर निवासी श्री राजेंद्र यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र रजक-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री ओमकार रजक के पुत्र श्री सुरेंद्र रजक (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई यादव-** नरई बस्ती कजरवारा निवासी श्री बाला प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकुर सिंह राजपूत-** बड़ी ओमती निवासी श्री राजेंद्र सिंह राजपूत के पुत्र श्री अंकुर सिंह राजपूत (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण कोल-** ललपुर शिवराज नगर निवासी श्री संतोष कोल के पुत्र श्री अरूण कोल (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज बंशकार-** लालमाटी नई कलारी के पास निवासी श्री सूरज बंशकार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद्र जैन को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी कोमल चंद्र जैन के निधन से जबलपुर ही नहीं देश भर को क्षति पहुंची है, कांग्रेसजनों ने 19 मार्च को रानीताल मुक्तिधाम में पूज्यनीय दादा के अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि अर्पित की। मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. निलेश जैन, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्येंद्र जैन जुग्गू, जबलपुर स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन, मनोज नामदेव, दीना जैन, राकेश पटेल सहित प्रतिष्ठितजनों ने स्व. दादा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

**CHANGE OF NAME**

1, ARPITHA BD (existing name of SPOUSE) is legally wedded spouse of NO ARMY NO 15719612L,RANK NAIK,NAME NAGESHA L T presently residing at VILL-LAKKIHALLI, POST - BALAGHATTA, TEHSIL-CHANNARAYAPATNNA, DIST-HASSAN, STATE - KARNATAKA PIN CODE 573111 state that I have changed my name from ARPITHA BD to ARPITHA B D (name as per my aadhar card and pan card) vide Affidavit dated (Date of Affidavit) 20/03/2025 formely before RAMDAS SHARMA Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

CORRECT NAME- ARPITHA B D
INCORRECT NAME- ARPITHA BD

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15719612L RANK NAIK NAME NAGESHA L T S/O THIMMEGOWDA R/O.VILL-LAKKIHALLI, POST- BALAGHATTA, TEHSIL-CHANNARAYAPATNNA, DISTT- HASSAN, STATE KARNATAKA PIN CODE 573111 I, have changed name and date of birth of my FATHER from name THIMME GOWDA and date of birth 05/01/1957 (Name and date of birth as per my Army service records) to THIMMEGOWDA and date of birth 01/01/1953 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 20/03/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME- THIMMEGOWDA
INCORRECT NAME- THIMME GOWDA
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1953
INCORRECT DATE OF BIRTH- 05/01/1957

## खबर संक्षेप

### टीसीएस करेगी 20 करोड़ डॉलर का बड़ा निवेश




**मुंबई।** टाटा कम्युनिकेशंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी ए एस लक्ष्मीनारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 20 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश किए जाने की संभावना है। टाटा समूह की यह कंपनी पिछले कुछ वर्षों से प्रति वर्ष लगभग 20-30 करोड़ डॉलर का निवेश करती आ रही है।

### ईपीएफओ ने जनवरी में 17.89 लाख सदस्य जोड़े




**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, यह सालाना आधार पर 11.67 प्रतिशत जबकि दिसंबर, 2024 की तुलना में 11.48 प्रतिशत की वृद्धि है।

### बीएमडब्ल्यू तीन फीसदी तक महंगे करेगी वाहन



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अगले महीने से बीएमडब्ल्यू और मिनी कार श्रृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कार विनिर्माता इस साल दूसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने बयान में कहा, नई कीमतें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी।

### न्यू इंडिया इंश्योरेंस को मिली कर मांग की नोटिस

NEW INDIA ASSURANCE
दि न्यू इण्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे आयकर विभाग से 124.98 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। न्यू इंडिया एश्योरेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, कंपनी को 19 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय फेसलेस मूल्यांकन केंद्र (आयकर विभाग) से एक नोटिस मिला।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी की ऊर्जा क्षमता में विस्तार




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी की परिचालन वाली कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब 12,841 मेगावाट पर पहुंच गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने सूचना में कहा कि इसके पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फोर लिमिटेड ने राजस्थान के भीमसर में 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की है।

### आरबीआई ने भट्टाचार्य को किया ईडी नियुक्त



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। भट्टाचार्य की नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले, भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे।

# गूगल ने साइबर सुरक्षा क्षेत्र में किया 32 अरब डॉलर का सबसे बड़ा अधिग्रहण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गूगल ने साइबर सिक्योरिटी कंपनी विझ को 32 अरब डॉलर (करीब 2.6 लाख करोड़ रुपए) में खरीदने का सौदा किया है। यह सौदा गूगल के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण है, जो 2012 में मोटोरोला मोबिलिटी के 12.5 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण से भी बड़ा है।

- यह सौदा गूगल के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण है

यह सौदा साइबर सुरक्षा क्षेत्र का भी सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा। यह सौदा उस समय हुआ है, जब गूगल के इंटरनेट साम्राज्य को बांटने की चर्चाएं चल रही हैं। इस डील की घोषणा 18 मार्च, 2025 को की गई।

## साइबर सिक्योरिटी कंपनी विझ को करीब 2.6 लाख करोड़ में खरीदा

### डील पर पिचाई ने क्या कहा

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि विझ के शामिल होने से गूगल क्लाउड की सुरक्षा और बेहतर होगी और लागत भी कम होगी। यह बयान नियामकों और ग्राहकों दोनों को ध्यान में रखकर दिया गया है। गूगल विझ को खरीदने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। पिछले साल जुलाई में 23 बिलियन डॉलर के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद विझ ने आईपीओ (शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने) की योजना बनाई थी, लेकिन शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण आईपीओ बाजार ठंडा पड़ गया।



### एआई के लिए डाटा सेंटर की मांग बढ़ी

यह कदम गूगल के क्लाउड कंप्यूटिंग क्षेत्र में विस्तार का हिस्सा है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण तेजी से बढ़ रहा है। एआई के लिए डेटा सेंटर की मांग बढ़ रही है, और गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के बीच इस सेक्टर में कंपटिशन तेज हो गई है।

### विझ गूगल क्लाउड का हिस्सा बन जाएगा

अगर यह डील नियामकों द्वारा मंजूर हो जाता है, तो विझ गूगल क्लाउड का हिस्सा बन जाएगा। गूगल क्लाउड, गूगल के मेन बिजनेस (सर्च और विज्ञापन) से अलग है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के 350 अरब डॉलर वार्षिक राजस्व का मुख्य स्रोत है। हालांकि, एआई के आने के साथ, क्लाउड डिवीजन गूगल के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। 2022 में इस डिवीजन का रेवेन्यू 26.3 अरब डॉलर था, यह 2024 में 64 प्रतिशत बढ़कर 43.2 अरब डॉलर हो गया।

### 5 साल पुरानी स्टार्टअप कंपनी

विझ एक 5 साल पुरानी स्टार्टअप कंपनी है, जिसकी स्थापना इजरायली सेना में मिले चार दोस्तों ने की थी। यह कंपनी 2020 में इजरायल में शुरू हुई और अब न्यूयॉर्क से डेटा सेंटर में संग्रहीत जानकारी की सुरक्षा के लिए टूल बनाती है। विझ का इस साल 1 अरब डॉलर कमाने का लक्ष्य है। विझ के सीईओ असाफ रप्पापोर्ट ने कहा कि विझ और गूगल क्लाउड दोनों का मानना है कि क्लाउड सुरक्षा को आसान, सुलभ और इंटेलीजेंट बनाने की जरूरत है, ताकि अधिक संगठन क्लाउड और एआई का सुरक्षित उपयोग कर सकें।

## ट्रंप ने भारत और अमेरिकी संबंधों पर की चर्चा

# मेरा मानना, भारत संभवतः शुल्कों में काफी हद तक कटौती करेगा : ट्रंप

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क को कम करेगा।हालांकि ट्रंप ने इसके साथ ही दो अप्रैल से भारत पर भी अमेरिकी शुल्क लगाने की अपनी धमकी को दोहराया।

अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'ब्रेइटबार्ट न्यूज' के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके '' बेहद अच्छे संबंध'' हैं।



### भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश

वेबसाइट ने ट्रंप के हवाले से कहा, '' लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा, '' मेरा मानना है कि वे... संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं।''

### भारी शुल्क से अमेरिका में उत्पाद बेचना मुश्किल

ट्रंप ने अपना यह दावा भी दोहराया था कि अमेरिका पर भारत भारी शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने 10 मार्च को नई दिल्ली में एक संसदीय समिति को बताया कि बातचीत अब भी जारी है और भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

### नुकसान पहुंचाने वालों देशों के खिलाफ साथ आ रहे

*भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने विशेष रूप से चीन का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा कि यह '' अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले अन्य देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।''*

- अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क कम करेगा
- दो अप्रैल से भारत पर भी शुल्क लगाने की धमकी दोहराई
- ट्रंप ने कहा भारत के साथ उनके काफी अच्छे संबंध

*व्यापार में भारत एक शक्तिशाली समूह : ट्रंप ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान आईएमईसी पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, '' व्यापार में हमारे पास साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है।''गौरतलब है कि ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में ''काफी कटौती'' करने पर सहमत हो गया है।*

# बीएसई सेंसेक्स 899 अंक की छलांग से 76,000 अंक के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 899 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी ने 283 अंक की छलांग लगाई।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखने और दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी से निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 899.01 अंक यानी 1.19 प्रतिशत उछलकर 76,000 अंक के स्तर के ऊपर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,007.2 अंक बढ़कर 76,456.25 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 283.05 अंक बढ़कर एक बार फिर 23,000 अंक के स्तर के



- फेड ने ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखा
- दिग्गज कंपनियों के शेयरों में खरीदारी रही

ऊपर 23,190.65 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, 'सभी क्षेत्रों में खरीदारी आने से बाजार लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।


*एशियाई बाजार में रही घट-बढ़*
*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे। जापान का निक्की अवकाश के कारण बंद रहा।*

### सबसे अधिक एयरटेल में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में से भारती एयरटेल का शेयर सर्वाधिक 4.17 प्रतिशत चढ़ा। इसके साथ टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और टाटा मोटर्स के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

# सोने में तीन दिन से जारी तेजी थमी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में भी सोने में तेजी का सिलसिला थम गया। स्थानीय बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना, जो पिछले सत्र में 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, बृहस्पतिवार को 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

चांदी की कीमत भी बुधवार के बंद स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,500 रुपये की गिरावट के साथ 1,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

- 300 रुपए टूटकर 91,650 पर, चांदी में भी 1500 रुपए की गिरावट

### कॉमेक्स सोना वायदा में गिरावट

वैश्विक बाजारों में बृहस्पतिवार को हाजिर सोना 14.44 डॉलर की गिरावट के साथ 3,033.35 डॉलर प्रति औंस रह गया। सुबह के कारोबार में यह 3,057.36 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,038 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## टाटा पावर ने छतों पर 1.5 लाख सौर इकाइयां लगाई



**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देशभर में छतों पर 1.5 लाख से अधिक सौर इकाइयां (सोलर रूफटॉप) स्थापित कर चुकी है। टाटा समूह की कंपनी ने बयान में कहा कि देशभर में छतों पर स्थापित सौर इकाइयों की कुल क्षमता अब लगभग तीन गीगावाट हो गई है। इस परियोजना में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ अन्य निजी एवं सरकारी परियोजनाएं शामिल हैं। टाटा पावर ने कहा कि देश के 300 से अधिक शहरों में इन सौर इकाइयों को छतों पर लगाया जा चुका है।

# रेनॉल्ट दो फीसदी तक बढ़ाएगी वाहनों के दाम

RENAULT

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता रेनॉल्ट इंडिया ने अप्रैल से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, वृद्धि की सीमा अलग-अलग संस्करण और मॉडल के लिए अलग-अलग होगी। रेनॉल्ट इंडिया के प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कंट्री) वेंकटराम मामिलपल्ले ने कहा, 'लंबे समय तक कीमतों को बनाए रखने के हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, कच्चे माल की लागत में निरंतर वृद्धि ने इस मूल्य समायोजन को आवश्यक बना दिया है।'

# भारत में 2028 अंत तक 5जी उपयोगकर्ता 77 करोड़ होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार उपकरण कंपनी नोकिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में औसत 5जी डेटा खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 40 जीबी तक पहुंच गयी है। अगले तीन साल में 5जी के कुल ग्राहक आधार के 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है।

नोकिया की वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (एमबीआईटी) रिपोर्ट के अनुसार, 4जी, 5जी आदि डेटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में पूरे भारत में 5जी डेटा उपयोग में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नोकिया इंडिया के प्रौद्योगिकी एवं समाधान प्रमुख (मोबाइल नेटवर्क) संदीप सक्सेना ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा, दिसंबर, 2024 में भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत 5जी डेटा खपत 40 जीबी दर्ज की गई। हमारा अनुमान है कि 5जी उपयोगकर्ता आधार 2024 में 29 करोड़ से बढ़कर 2028 तक लगभग 77 करोड़ हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डेटा उपयोग में वृद्धि हो रही है।




- दूरसंचार उपकरण उत्पादक कंपनी नोकिया ने जारी की रिपोर्ट
- 5जी डेटा खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 40 जीबी पहुंच गई

*12 गुना अधिक डेटा उपयोग कर रहे : एफडब्ल्यूए उपयोगकर्ता अब औसत मोबाइल डेटा उपयोगकर्ता की तुलना में 12 गुना अधिक डेटा का उपभोग कर रहे हैं, जो आवासीय तथा व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के दम पर हो रहा है।*

### हिंडाल्को, तांबा कारोबार में करेगी 45,000 करोड़ निवेश



**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमारमंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज भविष्य में अपने एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बिड़ला ने समूह की कंपनी हिंडाल्को के लिए एक नई ब्रांड पहचान के अनावरण कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अच्छे कामों के लिए एक ताकत बनना चाहती है और उन्होंने देश के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक की इसके प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# बैंक ऑफ इंग्लैंड ने प्रमुख ब्याज दर स्थिर रखा

- प्रमुख नीतिगत दर 4.50 प्रतिशत पर स्थिर

एजेंसी ⏭ लंदन



बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अपनी प्रमुख नीतिगत दर को 4.50 प्रतिशत पर यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला ऐसे समय किया है जब ब्रिटिश अर्थव्यवस्था मुश्किल से कुछ आगे बढ़ रही है और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीतियों से देश अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है।

उम्मीद जताई जा रही थी कि बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति इसी तरह का निर्णय लेगी। एक दिन पहले अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी नीतिगत दरों को यथावत रखा था। बैठक के ब्योरे से पता चलता है कि समिति के नौ में से आठ सदस्यों ने दर में कोई बदलाव नहीं करने के पक्ष में मत दिया। वहीं एक सदस्य ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का समर्थन किया।

### पीटीएस एनर्जी ने हिस्सेदारी ओएनजीसी ग्रीन को बेची

**नई दिल्ली।** पीटीसी इंडिया ने सौदे के तहत शेष 254 करोड़ रुपये हासिल करने के बाद पीटीसी एनर्जी में अपनी पूरी हिस्सेदारी ओएनजीसी ग्रीन को बेचने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। शेयर बाजार को दी सूचना में ओएनजीसी ग्रीन लिमिटेड (ओजीएल) से चार मार्च 2025 को प्राप्त 925 करोड़ रुपये सहित कुल 1,179 करोड़ रुपये हासिल होने के बाद कंपनी ने 19 मार्च 2025 को पीटीसी एनर्जी लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी ओजीएल को बेचने के लेनदेन के पूरा होने की घोषणा की गई।

### इरेडा सतत बॉण्ड के जरिए जुटाएगी 1,247 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने 1,247 करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपना पहला सतत बांड जारी किया है। कंपनी ने बुधवार शाम बयान में कहा, स्थायी बांड जारी करना एक रणनीतिक कदम है जिसका भारत के हरित ऊर्जा बुनियादी ढांचे के तेजी से विस्तार का समर्थन करने के लिए एक मजबूत वित्तीय आधार सुनिश्चित करना है। ये शाश्वत बांड 8.40 प्रतिशत की वार्षिक कूपन दर पर जारी किए गए। हम नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण बढ़ा सकेंगे, जिससे भारत स्वच्छ व अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर बढ़ेगा।

## स्पेयर को स्थानीय इंजीनियर गावंडे ने किया तैयार

# गेट्स ने स्टार्टअप के कीटनाशक स्प्रेयर पर हाथ आजमाया

एजेंसी ⏭ छत्रपति संभाजीनगर

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एक स्टार्टअप के नए कीटनाशक 'स्प्रेयर' पर अपना हाथ आजमाया है। स्टार्टअप द्वारा विकसित यह कीटनाशक 'स्प्रेयर' किसानों के लिए एक अधिक सुविधाजनक और कुशल विकल्प है, जिससे उन्हें एक समय में अधिक फसलों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। इस 'स्प्रेयर' को स्थानीय इंजीनियर योगेश गावंडे ने तैयार किया है।

गावंडे ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में इस उत्पाद के निर्माण के लिए 2019 में एक कंपनी का गठन किया था। बिल गेट्स ने 17 मार्च को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में गावंडे की उपस्थिति में 'स्प्रेयर' चलाने का प्रयास किया।



- किसानों को अब टैंक पीठ पर ढोने की जरूरत नहीं

### 22 राज्यों में बेचा जा रहा

गावंडे ने बताया कि उन्हें बाद में 'मैजिक' से मदद मिली, जिसके बाद उन्होंने अपनी कंपनी शुरू की। उन्होंने कहा, ''मेरे पास अब एक इकाई है और 'स्प्रेयर' 22 भारतीय राज्यों में बेचा जाता है। हमें केन्या और नामीबिया जैसे अफ्रीकी देशों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।''गावंडे ने कहा, मैं गेट्स फाउंडेशन से जुड़ा हुआ हूं। जब बिल गेट्स भारत आए तो मेरे उत्पाद को उनके सामने प्रस्तुत करने के लिए चुना गया। उन्होंने हमें पांच-सात मिनट दिए और स्प्रेयर पर भी हाथ आजमाया। उन्होंने 'स्प्रेयर' के काम करने के तरीके के बारे में कई सवाल भी पूछे।

### फसल को नुकसान नहीं होगा

'नोज़ल' का दबाव समायोज्य है और इसलिए दबाव के कारण फसल को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, '' मैंने पहले इस स्प्रेयर को छत्रपति संभाजीनगर के पैठण में चिट्टेपिंपलगांव (गावंडे का पैतृक गांव) के पास एक राजमार्ग पर बेचने की कोशिश की थी। इसके बाद, मैंने इसे आगे बनाने का विचार छोड़ दिया क्योंकि उत्पाद की सराहना तो हुई, लेकिन इसे व्यवसाय में नहीं बदला जा सका।''

### पहिये पर चलने वाला है उपकरण

इंजीनियर ने बताया कि इस 'स्प्रेयर' की मदद से किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव के लिए भारी रासायनिक टैंक को अपनी पीठ पर ढोने की जरूरत नहीं है। पहियों पर चलने वाले इस अभिनव उपकरण की मदद से अब वे एक ही समय में फसलों की चार पंक्तियों पर रसायनों का छिड़काव कर सकते हैं। गावंडे ने बताया कि बड़े पेड़ों पर छिड़काव के लिए इसके 'नोज़ल' की ऊंचाई 12-14 फुट तक बढ़ाई-घटाई जा सकती है।

चिंतन

# परिसीमन पर डीएमके का वितंडा निरर्थक

परिसीमन और हिन्दी भाषा पर तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके का विवाद खड़ा करना राज्य के विकास से जुड़े असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक या डीएमके) के सदस्य बृहस्पतिवार को प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर संसद के दोनों सदनों में पहुंच गए, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और अंततः दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। परिसीमन के मुद्दे पर सदन को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है, अभी परिसीमन प्रारंभ भी नहीं हुआ है, वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके की मांग है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उन प्रदेशों को लोकसभा सीटों के संदर्भ में नुकसान होगा, जिन्होंने प्रभावी ढंग से जनसंख्या नियंत्रण किया है। पिछले सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों को आश्वासन दिया था कि यदि परिसीमन किया जाता है, तो उन्हें एक भी संसदीय सीट नहीं खोनी पड़ेगी। तमिलनाडु को केंद्र पर भरोसा करना होगा। राजनीति के लिए केंद्र से टकराव संघीय व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। आगे तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है, तो डीएमके प्रमुख व सीएम एमके स्टालिन की कवायद तमिल स्मिता को भड़का कर फिर से सत्ता पाने की है। क्योंकि नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला है, इसलिए तमिल को कोई खतरा नहीं है, केंद्र सरकार किसी भी राज्य पर नई शिक्षा नीति में हिन्दी नहीं थोप रही है। संविधान में अनुसूचित 22 भाषाओं में हिंदी भी है और तमिल भी। तमिल संस्कृत की तरह प्राचीन भाषा है। डीएमके करुणानिधि के वक्त से ही फ्रीबिज और तमिल अस्मिता की राजनीति करती रही है, जिसमें तमिल हिंदी व हिंदू धर्म के खिलाफ प्रोपेगैंडा शामिल है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने एमके स्टालिन के हिंदी विरोध को खारिज किया है और हिंदी की व्यापकता से किसी भी राज्यीय व अन्य भारतीय भाषा को खतरा नहीं होने की बात कही है। कला क्षेत्र से बात निकली है कि अगर हिंदी विरोध इतना सशक्त है तो तमिल फिल्मों का हिंदी डब क्यों होता है, जो बड़ा बाजार है। तमिल भाषा की रक्षा का दायित्व डीएमके का नहीं है, यह समस्त तमिल भाषी लोगों का है। इसके ठेकेदार बनने की किसी को कोई जरूरत नहीं है। जब डीएमके नहीं बनी थी, तब भी तमिल भाषा थी। परिसीमन पर वितंडा खड़ा कर राजनीति करना डीएमके को ही नुकसान पहुंचाएगा। तमिलनाडु केवल डीएमके नहीं है। समृद्ध तमिलनाडु की एसजीडीपी में सतत कमी के लिए डीएमके और अन्ना डीएमके पार्टियां ही जिम्मेदार हैं। परिसीमन व हिन्दी के नाम पर तमिलनाडु के विकास व रोजगार के प्रश्न को नहीं ढंका जा सकता है। लोकसभा सीटों का वर्तमान वितरण 1971 की जनगणना पर आधारित है। 1976 में, आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 42वां संविधान संशोधन पारित किया, जिसने 2001 की जनगणना तक 25 वर्षों के लिए संसदीय सीटों के संशोधन को रोक दिया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के ज़रिए इस प्रतिबंध को 2026 तक बढ़ा दिया था। दोनों संशोधनों के पीछे तर्क जनसंख्या नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देना था। तमिलनाडु समेत सभी चिंतित राज्यों को वर्ष 2026 का इंतजार करना चाहिए। तब तक डीएमके के हायतौबा का कोई अर्थ नहीं है।



मानवयुक्त गगनयान
प्रमोद भार्गव

# क्रायोजेनिक तकनीक में देश की छलांग

> इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी नारायण ने कहा है कि भारत उन छह देशों में से एक हैं, जिन्होंने स्वदेशी क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है। अन्य पांच देश अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन और जापान हैं। आईआईटी मद्रास में नए शोध केंद्र के शुभारंभ पर नारायण ने आगे कहा कि इसरो के सीई-20 इंजन ने गगनयान मिशन के लिए मानव रेटिंग हासिल कर ली है। मानव रेटिंग प्रक्रिया तय करती है कि मनुष्य को अंतरिक्षयान में लेकर उड़ान भरने वाली यह प्रणाली सुरक्षित है। यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।

नारायण ने बताया कि एक समय क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत को अन्य देशों ने नहीं दी थी। परंतु आज हमारे पास तीन ऐसे इंजन हैं, जिनमें से तीसरा मानव रेटेट है। हमने इस प्रौद्योगिकी में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस अभियान को तीसरे प्रयास में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया गया था। इंजन के परीक्षण से लेकर उड़ान भरने तक यह अभियान 28 महीनों में पूरा किया, जबकि अन्य देशों को इसमें 42 महीनों से लेकर 18 वर्ष तक का समय लगा। परीक्षण में भी हमें मात्र 34 दिन लगे, जबकि अन्य देशों को परीक्षण पूरा करने में ही पांच से छह माह तक लगे हैं। अतएव इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं। भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था, लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है।



इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

मानव युक्त गगनयान की कामयाबी के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में आ जाएगा। क्योंकि इन्हीं देशों ने अब तक अंतरिक्ष में अपने मानवयुक्त यान भेजने में सफलता पाई है। भारत ने अब अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाने की पहल कर दी है। भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान का भार 7 टन, ऊंचाई 7 मीटर और करीब 4 मीटर व्यास की गोलाई होगी। 'गगनयान' जीएसएलवी (एमके-3) रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद 16 मिनट में अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच जाएगा। इसे धरती की सतह से 400 किमी की दूरी वाली पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। सात दिन तक कक्षा में रहने के बाद गगनयान को अरब-सागर, बंगाल की खाड़ी अथवा जमीन पर उतारा जाएगा। इस संबंध में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेष शर्मा से भी मदद ली जा रही है। भारत पहले दो गगनयान-अभियान मानवरहित भेजेगा। दरसअल अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी अंतरिक्ष-अभियान ध्वस्त हो जाता है या अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। भारत ने गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की दृष्टि से श्रीहरिकोटा में जीएसएलवी मार्क-3 को स्थापित करने की तैयारी शुरू की हुई है। इसरो ने परीक्षण के तौर पर क्रू एस्केप मॉड्यूल का पहला पड़ाव पार कर लिया है और अब मानव रेटेट क्रायोजेनिक इंजन भी तैयार भी हो गया है। बहरहाल, अंतरिक्ष में भारतीय मानव मिशन के सफल होने के बाद ही चंद्रमा और मंगल पर मानव भेजने का रास्ता खुलेगा। इन पर बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन के भी बढ़ने की उम्मीद है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष पर्यटन की पृष्ठभूमि का एक हिस्सा है। यह अभियान देश में अंतरिक्ष शोधकार्यों को बढ़ावा देगा। साथ ही भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रोद्यौगिकी तैयार करने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों का तो यहां तक दावा है कि दवा, कृषि, औद्योगिक सुरक्षा, प्रदूषण, कचरा प्रबंधन तथा पानी एवं खाद्य स्त्रोत प्रबंधन के क्षेत्र में भी तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे।

(लेखक साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्व जल दिवस
पंकज चतुर्वेदी



# भविष्य के लिए पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी

जाम्बा, करनाल से कैथल जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक संपन्न गांव है। कोई 1250 की आबादी वाले पूरे गांव में 242 घर हैं और सभी पक्के हैं। यहां 'हर घर जल की सरकारी योजना के तहत प्रत्येक घर तक पानी की लाइन है। गांव में ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा ने एक ट्यूबवेल लगा रखा है। एक कर्मचारी सुबह-शाम एक-एक घंटा इसे चला कर घरों तक पानी पहुंचाता है। पानी को क्लोरिन से शुद्ध किया जाता है। सरकार इसके लिए महज चालीस रुपये महीना लेती है और वह भी कई ग्रामीण चुकाते नहीं। गांव वालों की शिकायत है कि पानी कम आता है। हकीकत तो यह है कि दिन में दो घंटे मोटर चलने से एक आठ लोगों के परिवार के पीने, रसोई, नहाने का पानी पर्याप्त पहुंच जाता है। असल में हर घर में मवेशी पले हैं और अब ग्रामीण चाहते हैं कि ढोर के नहलाने का पानी भी नल से ही आए। यह पूरी सरकारी योजना जिस भूजल पर टिकी है, असल में वह किसी भी दिन धोखा दे सकती है। जाम्बा को ही क्यों कोसें, दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों को इस बात के लिए गर्व से प्रचारित किया जाता है कि वहां घरों में गंगा-वाटर आता है। ऐसे इलाकों में फ्लेट के दाम इस कारण अधिक होते हैं। जिस गंगा जल को घरों में एक बोतल में पवित्र निशानी की तरह रखा जाता है, वह गंगा जल लाखों घरों में शौचालय से लेकर कपड़े धोने तक में इस्तेमाल होता है। कृषि मंत्रालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक ताजा शोध बताता है कि सन 2030 तक हमारे धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि अवश्यंभावी है। साल-दर-साल बढ़ते तापमान का प्रभाव सन 2050 में 0.80 से 3.16 और सन 2080 तक 1.56 से 5.44 डिग्री हो सकता है। जान लें कि तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि खेत में 360 किलो फसल प्रति हैक्टेयर की कमी आ जाना। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। सामने दिख रहा है कि संकट अकेले पानी का ही नहीं है, अलग-अलग किस्म का पानी, अलग-अलग इस्तेमाल के लिए कैसे छांटा जाए, इस बारे में तंत्र विकसित करना और सबसे बड़ी बात इसके लिए जागरुकता फैलाना अनिवार्य है। भारत में जिस साल अल्प वर्षा होती है, उस साल भी इतनी कृपा बरसती है कि सारे देश की जरूरत पूरी हो सकती है लेकिन हमारी असली समस्या बरसात की हर बूंद को रोक रखने के लिए हमारे पुरखों द्वारा बनाए तालाब-बावड़ी या नदियों की दुर्गति करना है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइनों के वॉल्व की खराबी के कारण 17 से 44 प्रतिशत पानी प्रतिदिन बेकार बह जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी का प्रतिदिन 2.16 घन मीटर पानी बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। भारत में हर वर्ष बाढ़ के कारण करीब हजारों मौतें व अरबों का नुकसान होता है। इजरायल में औसत बारिश 10 सेंटीमीटर है, इसके बावजूद वह इतना अनाज पैदा कर लेता है कि वह उसका निर्यात करता है। दूसरी ओर भारत में औसतन 50 सेंटीमीटर से भी अधिक वर्षा होने के बावजूद सिंचाई के लिए जरूरी जल की कमी बनी रहती है। यह भी कड़वा सच है कि हमारे देश में औरतें पीने के पानी के जुगाड़ के लिए हर रोज ही औसतन चार मील पैदल चलती हैं। पानीजन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत हो जाती है। पूरी पृथ्वी पर एक अरब 40 घन किलोलीटर पानी है। इसमें से 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र में है जोकि खारा है, शेष 1.5 प्रतिशत पानी बर्फ के रूप में ध्रुव प्रदेशों में है। बचा एक प्रतिशत पानी नदी, सरोवर, कुआं, झरना और झीलों में है। इस एक प्रतिशत पानी का 60वां हिस्सा खेती और उद्योगों में खपत होता है। बाकी का 40वां हिस्सा हम पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़े धोने आदि में खर्च करते हैं। यदि ब्रश करते समय नल खुला रह गया है तो पांच मिनट में करीब 30 लीटर पानी बर्बाद होता है। यदि अभी पानी को सहेजने और किफायती इस्तेमाल पर काम नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार की हर घर नल जैसी योजनाएं जल-स्त्रोत ना होने के कारण रीती दिखेंगी। जान लें, पानी की कमी, मांग में वृद्धि तो साल-दर-साल ऐसी ही रहेगी। अब मानव को ही बरसात की हर बूंद को सहेजने और उसे किफायत से खर्च करने पर विचार करना होगा। इसमें अन्न की बर्बादी सबसे बड़ा मसला है। जितना अन्न बर्बाद होता है, उतना ही पानी जाया होता है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## सटाका




## आज की पाती

### वैश्विक होती दुनिया में पेड़

वैश्विक फलक पर सबसे अहम गणना, जनगणना मानी जाती है। हालांकि पालतू-पशु, वन्य जीव और वृक्षों की गिनती भी होती रही है, लेकिन इन्हें जनगणना के मुकाबले अहमियत नहीं दी जाती। यही वजह रही कि विश्व स्तर पर वृक्षों की, की गई गिनती के निष्कर्षों को समाचार माध्यमों ने उतना महत्व नहीं दिया, जितना दिया जाना चाहिए था, जबकि पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं है। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं। वन दिवस पर हमें पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। *- मोहन कश्यप, सरायपाली*

## ट्रेंड

### नई रोजगार योजना



किसी भी राष्ट्र की ताकत को उस राष्ट्र के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापा जा सकता है। हम नई स्कीम को लेकर आए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के युवा को प्रदेश के बाहर नौकरी और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।
**-योग आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सामूहिक सहभागिता




दिल्ली के विकास के लिए सबका साथ और सामूहिक सहभागिता जरूरी है। जब हम मिलकर काम करेंगे, तभी हर समस्या का समाधान होगा और विकसित दिल्ली का सपना साकार होगा। आइए, एक साथ आगे बढ़ें और दिल्ली को ऊंचाइयों तक ले जाएं!
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### भाजपा-आप किसान विरोधी



ऐसा लगता है कि दो किसान विरोधी पार्टियों ने देश के अन्नदाता के विरोध में सांठगांठ कर ली है! पहले किसानों को पंजाब सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया, फिर जबरन धरना स्थल से हटाया। भाजपा-आप दोनों ही किसानों की अपराधी रहीं हैं।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### ओटीटी प्लेटफॉर्म



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने बैंडिट क्वीन का सेंसर किया हुआ संस्करण काट दिया, मुझे यकीन भी नहीं है कि उन्हें कानूनी तौर पर ऐसा करने की अनुमति है.. उन्होंने बस फिल्म का अपना संस्करण पेश किया।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# टेक्सास की संसद ने पारित किया होली का प्रस्ताव



टेक्सास की संसद ने प्रमुख हिंदू त्योहार होली के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आधिकारिक तौर पर होली को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व के रूप में मान्यता दी गई है। इस कदम के साथ जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद होली को औपचारिक रूप से मान्यता देने वाला टेक्सास, तीसरा अमेरिकी राज्य बन गया है। यह प्रस्ताव सांसद सारा एकहार्ट ने पेश किया जिसे 14 मार्च को होली के ठीक पहले पारित किया गया। इस प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रस्ताव में कहा गया है, 'इस उल्लासमय त्योहार की शुरुआत हजारों वर्ष पहले हुई थी। इस त्योहार को दुनिया में हर पृष्ठभूमि वाले वे लोग मनाते और मान्यता देते हैं जो इसे प्रेम, ऊर्जा और प्रगति का पर्व मानते हैं।' ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत मंजूनाथ ने बताया, ''यह टेक्सास के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। राज्य सीनेट द्वारा होली को मान्यता देना विविधता, एकता, मित्रता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम सीनेटर सारा एकहार्ट और उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस प्रस्ताव को संभव बनाया...।' 'हिन्दू अमेरिकन फाउंडेशन' ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ने की प्रक्रिया सबमें समान नहीं



आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 15 आईएफएस और 12 राज्य वन सेवा के अफसर भ्रष्टाचार में फंसे, फिर भी कई अहम पदों पर पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




लंबे समय से डीई के चलते चार अफसरों को नहीं मिला प्रमोशन

विधानसभा के बजट सत्र में भ्रष्टाचार के आरोपों में 15 आईएफएस अधिकारियों का मामला उठा। इन अधिकारियों के खिलाफ अभी भी विभागीय जांच लंबित है। सालों चलने वाली डीई की वजह से 7 अफसर तो रिटायर हो चुके हैं, वहीं राज्य वन सेवा के एक दर्जन अधिकारियों के विरुद्ध भी भ्रष्टाचार के मामले पेंडिंग हैं।

विभागीय जांच का समय पर निर्णय नहीं होने की वजह से चार अफसरों को प्रमोशन का लाभ नहीं मिल सका। वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने विधायक आतिफ आरिफ अकील के सवाल के लिखित जवाब में कहा कि जिन अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में विभागीय जांच चल रही है, उनमें आईएफएस अधिकारी व्हीएन प्यासी, निजाम कुरैशी, आरएस सिकरवार, ओपी उचाड़िया, डीएस कनेश, डीएफओ व्हीएस होतगी, एम कालीदुर्ई, आरपी राय, सीएस निनामा, शैलेंद्र कुमार गुप्ता, डीएफओ किरण बिसेन, प्रशांत कुमार सिंह, देवांशु शेखर, नरेश कुमार दोहरे तथा वन संरक्षक अजय कुमार पांडेय का नाम है। इनमें से प्यासी, कुरैशी, सिकरवार, उचाड़यि, कनेश, कालीदुर्ई, राय, निनामा और गुप्ता रिटायर हो चुके हैं। गुप्ता हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि डीई पेंडिंग होने की वजह से डीएफओ व्हीएस होतगी, किरण बिसेन, प्रशांत कुमार तथा देवांशु शेखर को वन संरक्षक के पद पर प्रमोशन नहीं दिया गया है। हालांकि इसके बाद भी श्रीमती बिसेन अपने प्रभाव की वजह से महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं।

### राज्य वन सेवा के इन अफसरों पर भी आरोप

*भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य वन सेवा (एसीएफ) अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है, उनमें सहायक वन संरक्षक आरके गुरूदेव, कैलाश वर्मा, आरएन द्विवेदी, मनीषा पुरवार, सुरेश कुमार अहिरवार, मनोज कटारिया, सुधीर सिंह, वाय एस परमार, सुधीर पाठक, केबी गुप्ता, अंतर सिंह ओहारिया तथा आईबी गुप्ता का नाम शामिल है।*

# विधायक रामेश्वर ने खेली कीचड़ की होली







हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को रंग पंचमी पर कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली। रामेश्वर शर्मा ने पानी और गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभाकामनाएं देने के साथ कीचड़ होली का आनंद लिया। शर्मा ने कहा कि यह हमारे देश की पावन मिट्टी है भला इसमें रंगने में क्या दिक्कत होगी। इस मिट्टी को तो हमारे प्रभु श्रीकृष्ण कन्हैया लाल ने अपने मुंह में रखा था।

इस मिट्टी को हमारे अराध्य प्रभु श्रीराम ने स्वर्ग की उपमा दी है। इसी मिट्टी में हमारे गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी खेले हैं, फिर इस मिट्टी से कैसा परहेज। ये होली उत्सव का पर्व है, आनंद का पर्व है और हम इसे मना पा रहे हैं क्योंकि हम भारत भूमि में पैदा हुए हैं। जिस मिट्टी ने ये पर्व मनाने का अवसर दिया उसमें सनकर होली खेलना मेरा सौभाग्य है।

## पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़, 26 नक्सली मृत



**बीजापुर।** जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बीजापुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान का बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार नक्सली मारे गए। सभी 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा के पास थाना गंगालुर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी। अभियान के दौरान आज सुबह 7 बजे से माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हो गई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 26 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया है।

मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सरहद के जंगली क्षेत्र गंगालुर थाना इलाके के तोड़का एंड्री के जंगल में सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'नक्सलमुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षाबलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए।

## सीएम ने किए मां जानकी के दर्शन, सभी के लिए मांगी सुख-समृद्धि

# करीला में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने सरकार एक करोड़ रु.देगी

### मुख्यमंत्री ने खेली फूलों की होली





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि करीला धाम मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक पुख्ता किया जाएगा, यह प्रयास किया जाएगा कि करीला धाम मेला राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में करीला धाम में आने जाने वाले मार्गों पर श्रृद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने करीला धाम में भी श्रृद्धालुओं को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को अशोकनगर के करीला धाम में मां जानकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने रंगपंचमी के पावन पर्व पर श्रृद्धालुओं के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीला धाम में श्रृद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संबंध चंदेरी से होने के कारण यहां की गढ़ी को भव्य बनाया जाएगा। सरकार भगवान श्रीराम के प्रदेश में विभिन्न आगमन स्थलों के संरक्षण और उन्नयन का कार्य कर रही है। इसके साथ ही प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण लीला-स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए श्रीकृष्ण पाथेय योजना को क्रियान्वित करने का काम भी किया जा रहा है।

### दूध उत्पादन में नंबर वन बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को 175 रुपए बोनस देकर 2600 रुपए क्विंटल गेहूं खरीदा जा रहा है। धान पर भी 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर अनुदान किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दूध उत्पादन को लेकर 'गोपाल योजना' प्रारंभ कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक गाय पालने वालों को सरकार अनुदान देगी। वर्तमान में मप्र दूध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। हमने प्रदेश को पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और रघुकुल के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी ओर से स्थापित किए गए आदर्श संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि करीला धाम की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा ऐसी है कि एक बार जो यहां आता है, वह स्वयं को बार-बार आने से रोक नहीं पाता। मुख्यमंत्री ने राई नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीराम के घर में लव-कुश का जन्म हुआ होगा, तब इसे 'रघुराई नृत्य' कहा जाता रहा होगा।*

### गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए ऐतिहासिक बजट

*मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में सरकार ने 4.21 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश किया है। इसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास योजनाओं को गति दी जा रही है जिससे कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे इसलिये दोबारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है।*

### सच्चे अर्थों में रोज़ होली और दिवाली

*मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का नाम लिया जाता है, तो रोम-रोम में आनंद छा जाता है। इस अवसर पर मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव, जिपं अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव और पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष करीला मंदिर ट्रस्ट महेन्द्र यादव, आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना, कलेक्टर सुभाष द्विवेदी, एसपी विनीत कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित थे।*

### सुनीता के सकुशल लौटने से रंगपंचमी का आनंद और अधिक बढ़ गया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत की बेटी, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स एवं अन्य साथियों को अपनी 9 महीने की लंबी यात्रा पूर्ण कर सकुशल पृथ्वी पर लौटने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण हैं। यह कीर्तिमान अंतरिक्ष जगत के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। भावी पीढ़ियों और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में शोध के लिए उनकी यह यात्रा स्वर्णिम मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बेटी सुनीता विलियम्स के सकुशल लौटने से रंगपंचमी का आनंद और अधिक बढ़ गया है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी संदेश में यह भाव व्यक्त किए।

## होली गीतों पर थिरके पटवारी-सिंघार सहित कई कांग्रेस विधायक

*पटवारी बोले-ये होली प्रेम और मोहब्बत की*





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रंगपंचमी के मौके पर भोपाल में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बंगले पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ होली के गीत गाए, और गाने गाकर डांस भी किया।

समारोह में डबरा विधायक सुरेश राजे ने फाग गीत गाया। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने होली गीत गाया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने डांस किया। अंबाह विधायक देवेन्द्र सखवार, सौंसर विधायक विजय चौरे, जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, परासिया विधायक सोहन लाल बाल्मीक, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, खरगापुर विधायक चंदा रानी गौर, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, भगवानपुरा विधायक केदार डाबर सहित कई विधायक शामिल हुए। मिलन समारोह के दौरान पटवारी ने कहा- ये होली प्रेम, मुहब्बत की है। भारत वर्ष की परंपराओं की होली है।

## ट्रक और बाइक में भीषण टक्कर, दोनों में लगी आग

**कोरबा।** जिले के सीमावर्ती ग्राम मोरगा पुलिस चौकी के अंतर्गत केंदई आश्रम के पास एन एच 130 अंबिकापुर-कटघोरा मुख्य मार्ग पर भीड़क सड़क हादसा हुआ। ट्रक और बाइक के बीच दो वाहनों की टक्कर हो गई। बुधवार देर रात करीब भीषण सड़क हादसा सामने आई। जहां ट्रक और बाइक में टक्कर के बाद आगजनी की घटना सामने आई। वहीं दोनों वाहन धू-धू कर जलते रहे।

प्रत्यक्षदर्शी इरफान खान ने बताया कि मोरगा सप्ताहिक आम बाजार करके वह अपने घर की ओर लौट रहा था कि एक यूपी पासिंग वाहन ट्रक क्रमांक यूपी67टी 9908, के अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोरगा की ओर से आ रहे बाइक सवार दो लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद बाइक सवार सड़क किनारे खेत में गिर गए। बाइक ट्रक के नीचे आ गई। जिसके बाद बाइक नीचे फंस गई। बाइक में शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लग गई। ट्रक भी चपेट में आ गया। इस घटना की सूचना 112 और पुलिस को दी जहां पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी ली गई और घायल बाइक सवार को अस्पताल के लिए रवाना किया गया। जहां दोनों का उपचार जारी है। बाइक पर दो लोग सवार थे, जो ग्राम लेपरा के रहने वाले हैं, जो रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे थे। चौकी प्रभारी मगतु राम ने बताया कि केंदई के पास एक सड़क घटना हुई है। जिसमें दो लोगों को चोटें आई हैं। जिन्हें अस्पताल दाखिल किया गया है।

### भाजपा नेता महेंद्र दवे ने भी कार्यकर्ताओं के संग मनाई रंग पंचमी



## प्रदेश सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के विरोध में कांग्रेस ने मनाई कर्ज पंचमी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को रंग पंचमी का त्योहार कर्ज पंचमी के रूप में मनाया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को गुलाल लगा कर राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए कर्जा ले रही है। इस दौरान कार्यकर्ता हाथ में कार्टून बनी तख्तियां लिए हुए थे। इस अवसर पर रविशंकर मिश्रा, तारिक अली, मुकेश पंथी, प्रिंस नवांगे, अमित खत्री, मुजाहिद सिद्दीकी, संदीप सरवैया, अलीम उद्दीन बिल्ले, उल्लास सोनकर, शानू खान, मो फहीम, राजकुमार राय, साद उस्मानी, जितेंद्र सिंह, सुशील ठाकुर, अनूप पांडे, दर्शन कोरी, आदि मौजूद थे।

### 3 बार फांसी की सजा, अपराधियों के लिए बनेगी मिसाल

# अपराधियों को सजा दिलाकर पीड़ित को न्याय दिलाने सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपराधियों को सजा दिलाकर पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। भोपाल के शाहजहांबाद में सितम्बर 2024 में हुई 5 साल की बच्ची के अपहरण-दुष्कर्म और हत्या के प्रकरण में अपराधी को 3 प्रकरणों के आधार पर 3 बार फांसी की सजा मिली है, जो भविष्य में अपराध करने वालों के लिए मिसाल बनेगी। राज्य सरकार किसी भी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है। डॉ. यादव प्रकरण में हुई त्वरित कार्रवाई और न्यायालय द्वारा दिए निर्णय के संबंध में विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जघन्य अपराध की व्यापक विवेचना के लिए राज्य सरकार ने स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया था। प्रकरण में न केवल अपराधी को पकड़ा गया अपितु तत्परतापूर्वक चालान पेश करवाया गया। इस प्रकरण की सुनवाई भी त्वरित रूप से हुई। माननीय न्यायाधीश ने जो फैसला दिया है, उससे यह फैसला मिसाल बना है।

### किसानों को भूमि के मिलेंगे विकसित भू-खंड

# इंदौर-पीथमपुर कॉरिडोर के निर्णय पर किसानों ने माना सीएम का आभार

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बुधवार को इंदौर-पीथमपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर क्षेत्र के किसानों ने विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा आवंटित करने के राज्य सरकार के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

किसानों ने डॉ. यादव से बुधवार को इंदौर एयरपोर्ट पर मिलकर आभार जताया। किसानों ने सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान करना चाहा, जिसे मुख्यमंत्री ने इंदौर गेर में हुए हादसे के कारण विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया। कॉरिडोर में सरकार द्वारा कुल विकसित भूमि का 60% हिस्सा किसानों को आवंटित करने से आस-पास के गांवों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। प्रस्तावित योजना में कोडियाबर्डी, नैनोद, रिंजलाय, बिसनावदा, नावदा पंथ, श्रीराम तलावली, सिन्दोड़ा, सिन्दोड़ी, शिवखेड़ा, नरलाय, मोकलाय, डेहरी, सोनवाय, भैंसलाय, बागोदा, टीही और धन्नड़ जैसे गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा।

*बहन के दूसरे विवाह से था नाराज, गले में ब्लेड मारकर की हत्या*

# मामा ने ढाई साल की मासूम भांजी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



शहर में वीभत्स्य हत्या का मामला सामने आया है। मामा ने ढाई साल की भांजी की गला काटकर हत्या कर दी है। आरोपी ने बहन, भांजी और भांजा पर ब्लेड से हमला किया है। दरअसल, आरोपी अपनी बहन की दूसरी शादी से काफी नाराज था। इसलिए उसने अपनी ढाई साल की भांजी की गले में ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं भांजे के गले पर भी ब्लेड चला दिया। पुलिस से आरोपी को बिहार से गिफ्तार किया है।

घटना गोबरा-नवापारा थाना क्षेत्र की है। बहन की दूसरी शादी से नाराज भाई ने अपने भांजी को मौत के घाट उतार दिया। पीड़ति सोनी कुमारी ने दो साल पहले जितेश नामक युवक से दूसरी शादी की थी। पहले पति से सोनी की एक ढाई साल की बेटी सुरुचि है, दूसरे पति जितेश का एक साल का बेटा शिवम कुमार है। 10 मार्च को जितेश काम से बाहर गया हुआ था। इस मौके पर बिहार से सोनी का भाई साहेब कुमार घर आया था। पीड़ति ने बताया कि साहेब कुमार हमारी दूसरी शादी से नाराज है। झगड़ा भी कर रहा था। इस दौरान अचानक उसने दोनों बच्चे के गले में ब्लेड से वार कर दिया। बीच-बचाव के लिए आई बहन को भी ब्लेड से वार कर दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं पड़ोसियों के मदद से तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान ढाई साल की बच्ची सुरुचि की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को बिहार से गिरफ्तार कर लिया है।

### पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के सिरसाकला गांव के खेत में मिला शव

# बाउंड्रीवॉल कूदते समय लगा करंट, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के सिरसाकला गांव के खेत में झारखंड के रहने वाले एक युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद हुआ है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

सिरसाकला गांव में खेत में शव मिला है। मृतक आनंद साय निवासी झारखंड के सिमडेगा के रूप में शिनाख्त हुई है, जो अपने दोस्तों के साथ बैंगलुरु में फिशरीज कंपनी में काम करता था। वह अपने दोस्तों के साथ ट्रेन में झारखंड जाने के निकला था। भिलाई के सिरसा गेट के पास एक होटल में नाश्ता करते देखा गया था। इसके बाद वहां से पैदल सिरसकला की तरफ गया। रात के समय खेत में जाने के लिए बाउंड्रीवॉल से कूदते समय बिजली के तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। दुर्ग शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस को शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो साल से था फरार, लूटे थे मोबाइल, दस्तावेज और पैसे

## आंखों में मिर्च डालकर लूट करने का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस ने दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवक के आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर लुट की घटना को अंजाम दिया था। मोबाइल फोन और आवश्यक दस्तावेज के साथ पैसे लेकर फरार हो गए थे। पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी चेतन नेताम ने थाना गुढ़ियारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह प्रायवेट नौकरी करता है। मई 2022 को कंपनी के कुछ कागजात लेकर कुरियर करने कोटा गया था। कुरियर कर वापस कंपनी जाते समय बजरंग चौक गुढ़ियारी के पास पब्लिक चेयर में बैठा था। इस दौरान शाम करीबन 05:45 बजे एक एक्टिवा में दो लड़के आए और एक मोटर सायकल में अन्य लड़के थे। इसी दौरान एक्टिवा सवार दोनों प्रार्थी के पास आकर एक लड़का प्रार्थी के चेहरे में मिर्ची पाउडर लगा दिया। उसके हाथ से मोबाइल फोन को लूट लिया। दूसरा लड़का प्रार्थी का बैग छीन लिया। इसमें कंपनी के अन्य दस्तावेज थे। लुट की घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। दो साल बाद पुलिस ने आरोपी फैज ईसा उर्फ फैजु 23 साल और शाबिर खान 20 साल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की मोबाइल फोन, बैग, दस्तावेज तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किया गया था।



# रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर छाई 'सिकंदर'

**मुंबई।** एक साल के ब्रेक के बाद सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर ईद के मौके पर वापसी करने जा रहे हैं। वह 'सिकंदर' फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन ए आर मुरुगदास ने किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर अभी तक नहीं लॉच किया है। लेकिन, वर्ल्डवाइड इस फिल्म की एडवांस बुकिंग होने लगी है। भारत में इसकी एडवांस बुकिंग होने लगी है। ऐसे में फिल्म ने रिलीज से 10 दिन पहले ही अच्छी खासी कमाई कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने अमेरिका में एडवांस बुकिंग में अब तक 16047 डॉलर की कमाई कर ली है। भारत में ये रकम 13 लाख 91 हजार 405 रुपए होती है।

## लाइफ Style

# धनश्री

## नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी

एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ तलाक हो गया है। इस बीच धनश्री ने अपना नया गाना रिलीज किया है, जो शादी में बेवफाई और मारपीट पर है। इस पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीम इंडिया के क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर-एक्ट्रेस धनश्री वर्मा का गुरुवार को आधिकारिक तौर पर तलाक हो गया। इस फैसले के बीच धनश्री ने अपना नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बाहर से खुशहाल दिख रही शादी बेवफाई और बुरे बर्ताव से भरी हुई है। इस गाने को लेकर नेटिजन्स रिएक्ट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा के इस नए गाने का टाइटल, 'देखा जी देखा मैंने, दिल का रोना देखा, गैरों के बिस्तर पे, अपनों का सोना देखा...।' टी-सीरीज के इस गाने के लिरिक्स जानी ने लिखे हैं। सिंगर ज्योति नूरन हैं। खुद धनश्री और उनके साथ ईश्वक सिंह नजर आए हैं। खबर लिखे जाने तक इस गाने को यूट्यूब पर 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में दिखाया गया है कि धनश्री वर्मा का पति दूसरी महिला के साथ उसे धोखा देता है। हद तो तब हो जाती है, जब वो अपनी बीवी पर शक करता है और उसके सामने उसे थप्पड़ भी मारता है। एक दिन जब धनश्री अपने पति को किसी दूसरी औरत के साथ रंगे-हाथों पकड़ लेती हैं तो वो घर छोड़ने लगती हैं। इस पर उसका पति उसे इमोशनल ब्लैकमेल करने की कोशिश करता है, लेकिन अगले ही पल उसके साथ मारपीट करने लगता है।




## हॉलीवुड मसाला



# ज्यादा फीस पाने वाला कॉमेडियन

**लॉस एंजिल्स।** इस महीने की शुरुआत में फोर्ब्स मैगजीन ने सबसे ज्यादा फीस पाने वाले एक्टर्स की एनुअल लिस्ट जारी की। इसमें ड्वेन जॉनसन पहले नंबर पर थे। रेसलर से एक्टर बने ड्वेन के लिए ये दो साल बड़ी रिलीज 'मोआना 2' और 'रेड वन' के साथ शानदार रहा, लेकिन इस लिस्ट में दुनिया के सबसे ज्यादा फीस पाने वाले कॉमेडियन भी शामिल हैं, जिनका नाम केविन हार्ट है। आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने टॉम क्रूज से ह्यू जैकमैन जैसे सितारों को इस मामले में बहुत पीछे छोड़ दिया है।




# टॉम और अरमास के बीच रोमांस की चर्चा

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर टॉम क्रूज और हॉलीवुड एक्ट्रेस एन डी अरमास की जोड़ी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि दोनों करीबियां हैं। हाल ही में दोनों को लंदन में एक बार फिर साथ देखा गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें फिर से तेज हो गई हैं। पहली भी जब टॉम क्रूज और एन डी अरमास को एक साथ देखा गया था, तो फैन्स के दिलों की धड़कनें तेज हो गई थीं। इन लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी करीबियों को सुर्खियों में ला दिया है। टॉम क्रूज अपनी फिल्मों जैसे 'मिशन इम्पॉसिबल' और 'टॉप गन' के लिए मशहूर हैं तो वहीं एन डी अरमास को 'नो टाइम टू डाई' और 'ब्लेड रनर 2049' जैसी फिल्मों के लिए पहचाना जाता है, दोनों को को लंदन की सड़कों पर एक साथ स्पॉट किया गया।



# पंजाबी गाने पर किया बेहतरीन डांस...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री एली अवराम बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वह बेहतरीन डांसर भी हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपनी बेतरीन तस्वीरें और वीडियो अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर शेयर करती हैं। हाल ही में एली अवराम ने शानदार डांस किया है। इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। एली एवराम ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक बेहतरीन वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में एली एवराम ने पंजाबी गाना 'लोर लोर जी' पर बेहतरीन डांस किया है। एली एवराम ने ब्लैक आउटफिट में बेहतरीन मूव्स दिखाए हैं। डांस करते हुए वह चेहरे से बेहतरीन एक्सप्रेशन दे ही हैं और काफी खुश हैं। एली एवराम ने सफेद जूते पहने हैं और अपने बाल खुले छोड़े हैं।



# हिंदी में बनेगी कॉमेडी फिल्म टेंटिगो...

**मुंबई।** श्रीलंका की मशहूर फिल्म 'टेंटिगो' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसे अब टू स्टोरी फिल्म्स के बैनर तले हिंदी में बनाया जाएगा। श्रीलंकाई कॉमेडी फिल्म 'टेंटिगो' 2023 में तालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार दिखाई गई थी और वहां इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला था। 'टेंटिगो' के हिंदी संस्करण को टू स्टोरी फिल्म्स के साथ क्रॉलिंग एंजल फिल्म्स मिलकर बनाएंगे, जिसमें संजय गुलाटी और नीरज पांडे सह-निर्माता होंगे। मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा भी इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। फिल्म की कहानी को हिंदी में ढालने का काम करन व्यास करेंगे, जो 'स्कैम 1992' और 'स्कूप' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। हंसल मेहता ने कहा, 'मैं आमतौर पर रीमेक बनाने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन इस फिल्म ने मुझे वाकई उत्साहित किया है।

## टीवी मसाला



# जब बिग बी ने चंदन से मांगी थी माफी फिर कपिल ने उड़ाया था मजाक...

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने खास अंदाज के लिए जाने जाते हैं।वो अपने शो में हमेशा लोगों का मजाक बनाते नजर आते हैं। जिसके बाद लोग खूब जोर-जोर से हंसते हैं। एक बार अमिताभ बच्चन कपिल शर्मा के शो में गए थे। जहां पर उन्होंने चंदन के साथ प्रैंक किया था। जिसके बाद वो बहुत डर गए थे। बिग बी ने अपने इस प्रैंक को लेकर कौन बनेगा करोड़पति में माफी भी मांगी थी। कौन बनेगा करोड़पति का ये पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कपिल शर्मा के साथ चंदन कौन बनेगा करोड़पति में आए थे। वीडियो में कपिल ने कहा, याद है आप एक बार हमारे शो में आए थे और आपने प्रैंक किया था। उसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं सर मैं सबसे पहले माफी मांगना चाहता हूं। उस दिन बड़ी गलती हो गई मुझसे। जिसके बाद कपिल बोले अरे नहीं सर, इसकी तो लाइफ बन गई। कपिल शर्मा ने आगे कहा कि अरे सर ये लोगों को जाकर इंट्रो भी ऐसे देता है कि मैं वहीं हूं जिसे बच्चन साहब से डांट पड़ी थी। ये बहुत जिद कर रहा था आने की। ये कह रहा था मैंने जाना है, बच्चन साहब से मिलना है। मैंने पूछा तुझे क्यों जाना है तो इसने मुझसे कहा- उधर बड़ी-बड़ी रकमें बोली जाती हैं 1 करोड़, 2 करोड़। मुझे ये सुननी हैं, मैंने कभी सुनी नहीं हैं। कपिल की ये बात सुनकर वहां मौजूद हर कोई हंसने लगता है। बता दें कि कपिल शर्मा के शो में अमिताभ बच्चन आ चुके हैं। दोनों जब भी मिलते हैं तो कपिल उनके साथ ढेर सारी मस्ती करते हुए नजर आते हैं।

## उषा ताई रोईं तो बेटे की तरह संभालने आए गौरव खन्ना, लोगों को आई सुशांत की याद

**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' भारतीय दर्शकों के बीच सबसे फेमस रियलिटी शो में से एक है। फैंस इस बात की सराहना करते हैं कि कैसे कंटेस्टेंट्स शो में हमेशा चमक बनाए रखते हैं। अनुपमा में अनुज कपाड़िया का किरदार निभाने वाले गौरव खन्ना कुकिंग शो के सबसे फेमस लोगों में से एक हैं। वह लगभग हमेशा सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहते हैं और उनके फॉलोअर्स उनके बारे में केवल पॉजिटिव बातें ही कहते हैं। उन्होंने लगातार सुधार दिखाया है और जजों से तारीफ बटोरी है। हाल ही के एक एपिसोड में, उषा नाडकर्णी के प्रति उनकी दया ने दर्शकों का दिल पिघला दिया। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के सबसे हालिया एपिसोड में, कंटेस्टेंट्स को वन-पॉट चैलेंज दिया गया था। उन्हें केवल एक कुकिंग के बर्तन से एक डिश तैयार करनी थी। एक और चुनौती सामने आई जब सबको अपनी जगह बदलने को कहा गया। उषा नाडकर्णी और गौरव खन्ना को सीट बदलते देखा गया।



# जना सांघी पहुंचीं स्वर्ण मंदिर बचपन की यात्राओं को किया याद

*मुंबई। दिल बेचारा, धक धक, कड़क सिंह और अन्य फिल्मों में अपने दिल को छू लेने वाले अभिनय के लिए मशहूर संजना सांघी ने हाल ही में स्वर्ण मंदिर का दौरा किया, जो भारत के देश-दुनिया के समान ही उनके जीवन में भी एक पवित्र स्थान रखता है। शहर के साथ अपने गहरे जुड़ाव को साझा करते हुए, उन्होंने अपनी मां और भाई के साथ ट्रेन से दिल्ली से अमृतसर तक की बचपन की यात्राओं को याद किया। वे कहती हैं, 'अमृतसर मेरे दिल के बहुत करीब है। स्वर्ण मंदिर का हमारे जीवन में एक स्थान है। मुझे अपना 18वाँ जन्मदिन, 21वां जन्मदिन, यानी लगभग 7-8 जन्मदिन अमृतसर में मनाने का सौभाग्य मिला है। और आज, हम यहां अपने माता-पिता की सालगिरह मनाने आए हैं। पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण हमारी यात्राएं भले ही छोटी हो गई हों, लेकिन दिव्य सार वही है।' युवा स्टार ने अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं के बारे में एक दुर्लभ अंतर्दृष्टि भी साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें दिल्ली या मुंबई में गुरुद्वारों में सेवा करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा, गुरुद्वारे में सेवा और लंगर की अवधारणा के लिए मैं गहरी प्रशंसा करती हूँ। देने का कार्य, और इसे अपने जीवन में अपना पाना मेरे लिए परिवर्तनकारी रहा है। अमृतसर और इसके आध्यात्मिक महत्व के प्रति संजना की गहरी श्रद्धा उनके जीवन को आकार देती है, जो उन्हें विनम्रता और कृतज्ञता के मूल्यों की याद दिलाती है।*



# आईपीएल से इन बॉलीवुड फिल्मों को लगा बड़ा झटका, बढ़ाई गई रिलीज की तारीख...

**मुंबई।** जब से ओटीटी पर फिल्में रिलीज होने लगी हैं तब से सिनेमाघरों में फिल्में रिलीज करना एक बड़ी चुनौती हो गया है। साल 2025 की रिलीज के कैलेंडर पर एक नजर डालने पर, आपको ये एहसास होगा कि अगले तीन महीने फिल्म उद्योग के लिए कठिन होने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री के लिए मुश्किल दौर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की वजह से भी है। अप्रैल में रिलीज होने वाली कई फिल्मों की डेट आगे बढ़ा दी गई है।



### इन फिल्मों की आगे बढ़ी तारीख

अक्षय कुमार और असद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज को भी आगे बढ़ा दिया गया है। अब इस फिल्म को तीन अगस्त को रिलीज किया जाएगा। फिल्म निर्माता करण जौहर की फिल्म 'सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिसमें वरुण धवन और जाह्नवी कपूर नजर आने वाली हैं की रिलीज 12 सितंबर को होगी। यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। 'मेट्रो इन दिनों' बीते साल के आखिर में 29 नवंबर को रिलीज होने वाली थी। लेकिन, यह फिल्म 4 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। खबर है कि फिल्म निर्माता इसकी रिलीज का सही वक्त चाह रहे थे।

### तय समय पर रिलीज होगी ये फिल्म

हालांकि, इस बीच खबर है कि महात्मा ज्योतिराव फुले पर बनी फिल्म 'फुले' की रिलीज डेट नहीं बढ़ाई जाएगी। फिल्म के डायरेक्टर अनंत महादेवन के मुताबिक '10 अप्रैल को महात्मा ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती है। तो हम उस तारीख पर ही अपनी फिल्म रिलीज करेंगे।'

### फिल्म के बजाय आईपीएल देखेंगे दर्शक

आपको बता दें कि 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने वाला है। भारत के लोग फिल्म और आईपीएक से अपना मनोरंजन करते हैं। ऐसे में लोग डेढ़ महीने तक आईपीएल से रोमांच हासिल करेंगे। इसलिए फिल्म निर्माता ने अपनी फिल्मों की रिलीज की डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। आईपीएल 25 मई को खत्म होगा।

## बुखार में गाया माधुरी की फिल्म का हिट सॉन्ग

# अलका के गानों का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया कोई सिंगर

***नई दिल्ली।** अलका याग्निक ने अपने संगीत कॅरियर की शुरुआत 80 के दशक में की। हिंदी फिल्मों में एक से बढ़कर एक गाने अलका ने गाए। इस उम्दा गायिका के गानों ने कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिन्हें कोई दूसरा सिंगर नहीं तोड़ पाया। गुरुवार को गायिका अलका याग्निक ने मनाया। इस मौके पर जानिए, उनके संगीत कॅरियर और निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। कोलकाता में जन्मी अलका याग्निक को संगीत की शिक्षा मां शुभा से मिलीं, वह शास्त्रीय संगीत में पारंगत थीं। अलका जब छह साल की हुईं तो आकाशवाणी के लिए गीत गाने लगीं। मां शुभा उन्हें 10 साल की उम्र में मुंबई लेकर आईं। यही से शुरू हुआ अलका का फिल्मों में गाने का सफर।*



### कम उम्र से गाने लगीं

अलका को दस की उम्र में पहला म्यूजिक ब्रेक अभिनेता राजकपूर के कारण मिला। राजकपूर को कोलकाता के एक फिल्म डिस्ट्रिब्यूटर ने खत भेजा था, जिसमें अलका याग्निक की गायिका के बारे में बताया। राजकपूर ने अलका को सुना, दस साल की छोटी लड़की में इतना हुनर देखकर वह खुश हुए। उन्होंने अलका को संगीत निर्देशक लक्ष्मीकांत, प्यारेलाल के पास भेजा। लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल जी ने अलका को गाने का मौका दिया। अलका को पहला गाना फिल्म 'पायल की झंकार (1980)' में गाने का मौका मिला। इसके बाद फिल्म 'लावारिस (1981)' में गीत गाने का मौका मिला। फिर अलका ने 'हमारी बहू अलका (1982)' में एक गीत गाया। इन गीतों ने अलका को हिंदी फिल्मों में स्थापित होने का मौका दिया।

### याग्निक को सुनाई देना हुआ बंद



पिछले साल अलका याग्निक ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि उन्हें एक न्यूरो डिजीज हुई है, जिसके कारण वह सुन नहीं पा रही हैं। गायिका ने उम्मीद भी जताई की वह जल्द वापसी करेंगी, लेकिन इस मुश्किल वक्त में उन्हें अपने फैंस का साथ चाहिए।

### तेजाब फिल्म के गाने ने किया मशहूर

अलका याग्निक को बतौर सिंगर पहचाना जाने लगा था लेकिन उनके कॅरियर का सबसे हिट गाना माधुरी दीक्षित की फिल्म 'तेजाब'का 'एक दो तीन...'रहा। इस गाने ने अलका को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिलवाया। इस गाने के बारे में एक इंटरव्यू में अलका ने कहा था कि जिस दिन ये गाना रिकॉर्ड हो रहा था उस दिन उन्हें तेज बुखार था। लेकिन, अलका ने दिल से ये गाना गाया और दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली।

### गायिका अल्का के नाम हैं कई रिकॉर्ड-अवॉर्ड

अलका याग्निक ने 22 हजार गाने 25 विभिन्न भाषाओं में गाए हैं। बीबीसी के सदाबहार बॉलीवुड गीतों की टॉप चालीस लिस्ट में गायिका के 20 गाने शामिल हुए। दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड अलका याग्निक के नाम रहे हैं। फिल्म 'हम हैं राही प्यार के'के गीत 'घूंघट की आड़ से'और फिल्म 'कुछ कुछ होता है'का टाइटल ट्रैक के लिए यह अवॉर्ड मिले हैं। अलका याग्निक के नाम 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी हैं। उन्हें ये अवॉर्ड 'तेजाब' फिल्म के गीत 'एक दो तीन', फिल्म 'खलनायक' के गाने 'चोली के पीछे क्या है', फिल्म 'परदेस' के गाने 'मेरी महबूबा', फिल्म 'ताल' के गीत 'ताल से ताल मिलाओ' फिल्म 'धड़कन' के गाने 'दिल ने ये कहा है दिल से' फिल्म 'लगान' के गाने 'ओ रे छोरी' और फिल्म 'हम तुम' का टाइटल ट्रैक के लिए मिले हैं। अलका याग्निक को साल 2013 में भारतीय संगीत में योगदान देने के लिए लता मंगेशकर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

# ओकरिज के शिक्षकों ने एसईएएमईआई सम्मेलन में शिक्षण के भविष्य की खोज की




**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम के शिक्षकों ने एसईएएमईआई (दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, भारत) शिक्षण और अधिगम सम्मेलन 2025 में भाग लिया, जिसमें दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया शिक्षा विद्यालयों के 200 से अधिक शिक्षक और नेता शामिल हुए। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान, शिक्षकों ने नेतृत्व, लचीलापन, नवाचार और समावेशन सहित शिक्षण के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख विषयों की खोज की। सम्मेलन ने सहयोग के लिए एक मंच प्रदान किया और पूरे क्षेत्र के शिक्षकों को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, उभरते रुझानों पर चर्चा में शामिल होने और अपनी कक्षाओं में वापस लाने के लिए नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करने की अनुमति दी। ओकरिज विशाखापत्तनम में अंग्रेजी सुविधाकर्ता साई रत्न अलमूरू ने कहा, 'सम्मेलन से मेरा सबसे बड़ा लाभ व्यक्तिगत सीखने और छात्र जुड़ाव और सफलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना था।' ओकरिज विशाखापत्तनम के छह शिक्षकों के लिए, जिन्होंने सम्मेलन में भाग लिया, यह सिर्फ एक पेशेवर विकास अवसर से कहीं ज़्यादा था। यह सम्मेलन, दुनिया भर के साथियों से जुड़ने और नॉर्ड एंग्लिया के वैश्विक शिक्षा समुदाय में योगदान करने का मौका था। ओकरिज विशाखापत्तनम में प्राथमिक वर्षों की प्रमुख डिंपल थॉम्पसन ने कहा, 'विचारों, चुनौतियों और सफलता की कहानियों को साझा करने के माध्यम से, मुझे सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली, जिन्हें मेरी अपनी कक्षा में लागू किया जा सकता है।' सम्मेलन में शिक्षा, तंत्रिका विविधता और मेटाकॉग्निशन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित किया गया, इस प्रकार शिक्षकों को छात्रों के बीच आलोचनात्मक सोच और स्वतंत्र सीखने को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों से लैस किया गया। प्राप्त ज्ञान और रणनीतियाँ शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाना जारी रखेंगी, जिससे ओकरिज, विशाखापत्तनम के छात्रों को शिक्षा में नवीनतम प्रगति से लाभ मिलेगा।

## ज़ी टीवी और एण्डटीवी ने पेश किया नया रियलिटी शो

**मुंबई।** ज़ी टीवी और एण्डटीवी लेकर आ रहे हैं टेलीविजन पर शादी का सबसे बड़ा जश्न - 'शादी मुबारकः फेरे और फन अनलिमिटेड'। इसका प्रसारण 22 मार्च से होगा। इस शो में पांच मशहूर इंफ्लुएंसर जोड़ियों की असली शादियों का सफर दिखाया जाएगा। इसमें प्यार, परिवार और भारतीय शादियों का भरपूर मजा होगा और आपको हंसी-मजाक, ढेर सारा ड्रामा और दिल को छू लेने वाले कई पल देखने को मिलेंगे। टेलीविज़न पर इस भव्य सेलिब्रेशन से पहले, शॉपर्स स्टॉप ने एक शानदार इवेंट में अपने खास वेडिंग कलेक्शन को पेश किया, जिसने शो के लिए परफेक्ट माहौल तैयार किया है। मार्क रॉबिन्सन द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस फैशन शो में हल्दी और मेहंदी के रंगीन परिधानों से लेकर शाही वेडिंग आउटफिट्स और डेस्टिनेशन वेडिंग के ट्रेंडी एवं खूबसूरत स्टाइल्स तक सबकुछ देखने को मिला।

# काश! कल्पना का यान भी धरती पर लौट पाता, उस रोज आसमान का मंजर देख रोया था हर भारतीय

**नई दिल्ली।** इस समय पूरी दुनिया में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की चर्चा है। धरती पर उनकी वापसी ने हर भारतीय के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। इसका कारण यही कि वे भारतीय मूल की हैं। बुधवार 19 मार्च सुबह करीब साढ़े तीन बजे सुनीता अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में सवार होकर फ्लोरिडा के समुद्री तट पर सुरक्षित उतरीं। नौ महीने से ज्यादा समय तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे रहने के बाद उनकी यह वापसी किसी चमत्कार से कम नहीं। लेकिन, इस खुशी के बीच एक पुराना दर्द फिर से उभर आया है। उस दर्द का नाम कुछ और नहीं बल्कि कल्पना चावला के साथ घटी वो घटना थी।

## कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसा



असल में 22 साल पहले 1 फरवरी 2003 को एक और भारतीय बेटी कल्पना चावला अंतरिक्ष से लौट रही थी। उस समय कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसे में कल्पना की मौत हो गई थी। उस दिन हर भारतीय की आंखें नम थीं। अब सुनीता की वापसी उस अधूरी उम्मीद को फिर से याद दिला रही है कि काश कल्पना का यान भी धरती पर लौट पाता।

# क्या है अंतरिक्ष स्टेशन? जहां फंसी थीं सुनीता 90 मिनट में लगाता है पृथ्वी का एक चक्कर

वॉशिंगटन। भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने बाद धरती पर वापस लौट आए हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पर नौ महीने से फंसे थे। सुनीता और विल्मोर के वापस आने के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की खूब चर्चा हो रही है। लोगों के मन में सवाल है कि आखिर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन क्या है और वैज्ञानिक वहां पर जाकर क्या करते हैं?

### क्या है अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन?



पृथ्वी की कक्षा में स्थित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन एक बड़ा अंतरिक्ष यान है, जो एक घर के तौर काम करता है। यहां पर अंतरिक्ष यात्रियों की टीम रहती है। यह एक अनोखा प्रयोगशाल है। कई देशों ने अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण किया है और इसका इस्तेमाल करते हैं। अंतरिक्ष स्टेशन उन भागों से बना है जिन्हें अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष में ही जोड़ा था।

### 28 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में घूमता है

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन करीब 402 किमी की औसत ऊंचाई पर पृथ्वी का चक्कर लगाता है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि 28 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यह अंतरिक्ष में घूमता है। हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा करता है। नासा की तरफ से अंतरिक्ष स्टेशन का अंतरिक्ष में रहने और काम करने के बारे में अधिकारी जानकारी के लिए इस्तेमाल करता है।





### आईएसएस पर कब पहुंची थी अंतरिक्ष यात्रियों की पहली टीम

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 2 नवंबर 2000 को पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों की टीम पहुंची थी। तब से ही अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर जा रहे हैं। समय के साथ ही इसमें कई हिस्से जोड़े गए हैं। नासा और दुनियाभर के उसके भागीदारों ने साल 2011 में अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण पूरा किया था। अंतरिक्ष स्टेशन का आकार पांच बेडरूम वाले घर जितना बड़ा है। इसमें छह चालक दल और यहां पर आने वाले अंतरिक्ष यात्री रह सकते हैं। पृथ्वी पर अंतरिक्ष स्टेशन का वजन करीब दस लाख पाउंड होगा। इसमें अमेरिका, रूस, जापान और यूरोप के प्रयोगशाला मॉड्यूल शामिल हैं।



### आईएसएस पर क्या काम करते हैं अंतरिक्ष यात्री


अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रयोगशालाएं हैं, जहां अंतरिक्ष यात्री शोध करते हैं। साथ ही इसके कई भाग हैं। अंतरिक्ष यात्री बाहर की तरफ खुलने वाले एयरलॉक के माध्यम से अंतरिक्ष में पहुंच सकते हैं। डॉकिंग पोर्ट दूसरे अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की इजाजत देते हैं। नए चालक दल और अंतरिक्ष यात्री पोर्ट्स के माध्यम से आते हैं।

**अंतरिक्ष पर शोध भी करते हैं अंतरिक्ष यात्री :** अंतरिक्ष स्टेशन की प्रयोगशालाओं में अंतरिक्ष यात्री शोध करते हैं, जो कहीं और नहीं किया जा सकता है। इसे वैज्ञानिक शोध से पृथ्वी पर लोगों को फायदा मिलता है। रोजमर्रा की जिंदगी में भी अंतरिक्ष अनुसंधान का इस्तेमाल किया जाता है। वैज्ञानिक यह भी शोध करते हैं जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी में रहता है, तो शरीर में क्या होता है।

## रोचक खबरें

# घर से बर्गर खाने निकला था शख्स करोड़पति बनकर ही लौटा

**लंदन।** कहते हैं कि आप कुछ भी कर लें, आपकी किस्मत में जो लिखा है वो होकर रहेगा। हो सकता है कि ये कुछ बुरा हो या फिर कुछ बहुत अच्छा भी हो सकता है। आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसकी किस्मत की चाभी उसके लंच में थी। इसे खाते ही उसका दिमाग यूं चला कि वो करोड़पति बनकर ही माना। है ना मज़ेदार बात! इंसान के ऊपर कब लक्ष्मीजी की कृपा बरस जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। हाल ही में एक ब्रिटिश आदमी की किस्मत उस पर तब मेहरबान हो गई, जब वो लंच में बर्गर खाकर लौट रहा था। लंच के बाद ही उसे ख्याल आया कि क्यों न वो लॉटरी का एक टिकट ले ले। मज़ाक-मज़ाक में लिया गया ये टिकट उसकी पूरी ज़िंदगी बदलने के लिए काफी था।



**बर्गर ने खोल दिया दिमाग :** ब्रिटेन में कॉर्नवॉल के लिस्कियार्ड के रहने वाले क्रैग हैगी की ये कहानी है। 36 साल के क्रैग को भूख लगी थी और वो बर्गर खाने के लिए घर से निकला। जब उसने लंच कर लिया तो वहीं रास्ते से एक नेशनल लॉटरी का स्क्रैचकार्ड खरीद लिया। क्रैग ने बताया कि उन्होंने मज़े-मज़े में कार्ड खरीदा था और इनाम की उम्मीद उन्हें बिल्कुल नहीं थी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ड्राईवरों की आवश्यकता है- ट्रक 14 चक्का लिलेन्ड लाईन में चलाने के लिए ड्राईवर चाहिए संपर्क करें- 9109191899, 942521362 (रायपुर /21/मार्च 25)







सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बारिश का पानी पिया कछुआ तक खाया तीन महीने समुद्र में भटकता रहा मछुआरा

**लिमा।** पेरू के रहने वाले मैक्सिमो नापा कास्त्रो नाम के मछुआरा तीन महीने से ज्यादा का समय समुद्र में गुजारकर लौटे हैं। वह 95 दिन समुद्र में गुम रहने के बाद जिंदा मिले हैं। 61 साल के कास्त्रो 7 दिसंबर को मारकोना से मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार होकर समुद्र में गए थे। खराब मौसम के कारण वो रास्ता भटक गए और समुद्र में खो गए। इसके तीन महीने बाद कास्त्रो को 11 मार्च को उत्तरी पेरू के तट पर इक्वाडोर के एक जहाज ने बचाया है।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# फर्श से अर्श पर पहुंची ब्लॉबफिश, दुनिया के सबसे बदसूरत जानवर को मिला ये खिताब

वेलिंगटन। कहते हैं कब किसे क्या हासिल हो जाए इसका भरोसा नहीं होता है। कोई कब फर्श से अर्श पर पहुंच जाए ये कोई सोच नहीं सकता है। ऐसी ही एक खबर न्यूजीलैंड से सामने आई है। यहां पर दुनिया के सबसे बदसूरत जानवर के रूप में पहचाने जाने वाले ब्लॉबफिश ने एक शानदार वापसी की है। उसे न्यूजीलैंड के एक पर्यावरण ग्रुप ने साल का सर्वश्रेष्ठ मछली का खिताब दिया है। इस साल ब्लॉबफिश ने 5,500 से अधिक वोटों में से लगभग 1,300 वोटों के साथ प्रतिष्ठित सम्मान जीता है।



### बदसूरत जीवों में से एक

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह जिलेटिनस मछली समुद्र तल पर रहती है और लगभग 12 इंच (30 सेमी) लंबी होती है। वे मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के तट पर पाए जाते हैं, जहां वे 2,000-4,000 फीट (600-1,200 मीटर) की गहराई पर रहते हैं। जबकि ब्लॉबफ़िश अपने विकृत सिल्हूट के लिए जानी जाती है, अपने प्राकृतिक गहरे समुद्र के आवास में यह वास्तव में एक सामान्य मछली की तरह दिखती है, जिसका आकार उच्च जल दबाव द्वारा एक साथ रखा जाता है। हालांकि, जब पकड़ा जाता है और तेजी से पानी की सतह पर लाया जाता है तो इसका शरीर अपने विशिष्ट गूदेदार आकार में विकृत हो जाता है। वही आकार जिसने इसे दुनिया के सबसे बदसूरत जीवों में से एक होने की प्रतिष्ठा दिलाई है।


### प्रतियोगिता का उद्देश्य

यह अपनी मुलायम, गांठदार उपस्थिति के कारण दुनिया के सबसे बदसूरत जानवर के रूप में ये मछली जानी जाती है। हालांकि, उसे माउंटेन टू सी कंजर्वेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ मछली का खिताब मिला. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न्यूजीलैंड के मीठे पानी और समुद्री जीवन के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। जानकारी के मुताबिक यह ब्लॉबफिश के लिए एक अंडरडॉग जीत है, जो 2013 में बदसूरत पशु संरक्षण सोसायटी के शुभंकर के रूप में मुख्यधारा में कुख्यात हो गई थी।



हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5811



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5810 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

### सूडोकु नवताल - 5821

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5820 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |



विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।

# जीवन है जल आओ करें संरक्षित

अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।



## विश्व जल दिवस की शुरुआत

जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

## हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

## क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

## क्या-क्या होता है आयोजन में


विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

## जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजो' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।

**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *


### दूध है कंप्लीट फूड



**बच्चो, दूध** को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे-कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# देशप्रेम की रोमांचक कहानी



बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थानों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टड़ डालना।

उत्तर (उल्टा छपा): दूध : पानी

## जीके क्विज-146




1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?

बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक



# कौए को भाया काला रंग

एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।


'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फूली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।


## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रितेश, मटियारी



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



सौम्य, बालोद



तक्षित, बिलासपुर



कुंजल, कोरबा



बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172



बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



# आईपीएल : 'देसी' कप्तान पर सबको भरोसा, 10 में से 9 टीमों के कप्तान भारतीय, पंत 27 करोड़ से सबसे महंगे नेतृत्वकर्ता

**हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को फिर सौंपा अपनी टीम का नेतृत्व**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज कल शनिवार 22 मार्च को होने जा रहा है। सभी 10 टीमें अपने-अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास में जुटी हैं, और इस बार खिताब को अपने नाम करने के लिए रणनीतियां तैयार कर रही हैं। इसमें सबसे प्रमुख भूमिका टीमों के कप्तान की होने वाली है। हालांकि, विगत वर्षों से तुलना करें तो यह पहली बार है जब 10 में से नौ टीमों ने अपना दांव देसी कप्तानों पर लगाया है। केवल सनराइजर्स हैदराबाद एकमात्र टीम है, जिन्होंने गत वर्ष फाइनल में पहुंचाने वाले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को अपनी टीम का नेतृत्व फिर सौंपा है। शेष सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथों में ही है।

आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज इस बार भी अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम की कमान अब फ्रेंचाइजियों ने युवा हाथों में ही सौंप दी है। चेन्नई सुपरकिंग्स का नेतृत्व जहां ऋतुराज गायकवाड़ कर रहे हैं, वहीं मुंबई इंडियंस की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में है। हालांकि, इन दोनों ने पिछले वर्ष भी टीम की कमान संभाली थी, परंतु अपनी टीमों को उनकी विरासत के अनुसार सफलता नहीं दिला पाए थे। हार्दिक के नेतृत्व में लगातार दो फाइनल खेलने वाली गुजरात टाइटंस का भी पिछले सत्र में शुभमन गिल की अगुआई में प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उनके नेतृत्व कौशल पर भी सभी की नजरें होंगी।



## पंजाब को अय्यर पर भरोसा

चारों ही टीम अब तक चैंपियन नहीं बनी है, हालांकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में गत वर्ष कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाया था पर अब ये देखना अहम होगा कि उनकी रणनीतियां क्या पंजाब किंग्स को पहला खिताब दिला पाती हैं या नहीं? राजस्थान रॉयल्स ने भी युवा संजू सैमसन पर फिर भरोसा जताया है। वह अपनी गलतियों से सीख कर इस बार फिर दमदार प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करेंगे।

## पैट पर सनराइजर्स को विश्वास

ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर और कप्तान पैट कमिंस ने पहले ही सत्र में अपनी कप्तानी की जबरदस्त छाप छोड़ी। सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में पहुंचाने वाले पैट कमिंस पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नहीं हैं। इससे पहले, डेविड वॉर्नर ने टीम के लिए यह कारनामा किया था, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एकमात्र टीम है, जो विदेशी कप्तान पर दांव लगाने को तैयार है।



## चार टीमें नहीं जीत पाईं खिताब



रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी इस बार युवा रजत पाटीदार को अपना कप्तान बनाया है। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने फ्रेंचाइजी के इस निर्णय की बहुत सराहना की है, लेकिन अब ये भविष्य ही बताएगा की वह पहली बार आरसीबी को खिताब दिलाने में सफल होते हैं या नहीं। इधर, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स ने भी कप्तानी में फेरबदल कर युवाओं पर ही भरोसा ही जताया है।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सफल

2022 में हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। कमाल की बात यह है कि अब तक तीन ही बार विदेशी कप्तानों ने खिताब जीता है और तीनों ही ऑस्ट्रेलियाई थे। 2008 में राजस्थान रॉयल्स को चैंपियन बनाने वाले शेन वॉर्न थे, जबकि 2009 में डेक्कन चार्जर्स को जिताने वाले एडम गिलक्रिस्ट और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को चैंपियन बनाने डेविड वॉर्नर थे।

## पंत सबसे महंगे कप्तान

| खिलाड़ी | टीम | राशि |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | लखनऊ | 27 करोड़ |
| श्रेयस अय्यर | पंजाब | 26.75 करोड़ |
| पैट कमिंस | हैदराबाद | 18 करोड़ |
| ऋतुराज गायकवाड़ | चेन्नई | 18 करोड़ |
| संजू सैमसन | राजस्थान | 18 करोड़ |
| शुभमन गिल | गुजरात | 16.5 करोड़ |
| अक्षर पटेल | दिल्ली | 16.5 करोड़ |
| हार्दिक पांड्या | मुंबई | 16.35 करोड़ |
| रजत पाटीदार | बेंगलुरु | 11 करोड़ |
| अजिंक्य रहाणे | कोलकाता | 1.5 करोड़ |

## खबर संक्षेप



### शाकिब के एक्शन को मिली 'क्लीन चिट'

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, 'यह खबर सही है और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई। उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था ।

### अनुराग का नामांकन स्वीकार करने के निर्देश

**शिमला।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्वाचन मंडल से उनकी



अयोग्यता पर रोक लगा दी और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया। हमीरपुर से लोकसभा सांसद ठाकुर को बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह के आदेश से सात मार्च को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### सुरक्षा कारणों के चलते कोलकाता से मैच शिफ्ट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने गुरुवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स का छह अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाला घरेलू मैच गुवाहाटी में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने शहर में इस दिन 'रामनवमी' के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के लिए सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त की है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की थी कि त्योहार मनाने के लिए पश्चिम बंगाल में 20,000 से अधिक समारोह किए जा रहे हैं।


**सूचना**

मैं संप्रवर्तक स्टार कंस्ट्रक्शन्स द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा संप्रवर्तित परियोजना स्टार गैलेक्सी जबलपुर, जिसका रेरा पंजीयन क्रमांक- P-JBP-17-773 है। संप्रवर्तक द्वारा परियोजना में सम्मिलित कुल 10 टॉवरों में से केवल 4 टॉवरों (टॉवर क्रमांक- 7, 8, 9, 10) को पूर्ण किया जा रहा है एवं शेष बचे 6 टॉवरों (टॉवर क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6) को पूर्ण न करते हुए उन्हें परियोजना में से वापस लिया जा रहा है। परियोजना में से 6 टॉवरों की वापसी से यदि किसी आवंटिती को कोई आपत्ति हो तो वह संप्रवर्तक अथवा रेरा कार्यालय में अपनी आपत्ति 7 दिवस के भीतर दायर कर सकता है।

स्टार सिटी
DEVELOPED BY :
STAR CONSTRUCTION
ऑफिस : सेंट अलॉयसियस स्कूल के सामने, कटंगी रोड, जबलपुर
फोन : 0761-4002522
मोबाइल : 9201011333


**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :– 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

**परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500012165 | श्री दीपांकर कुमार दुबे श्रीमती अमृता दुबे पता प्लॉट नंबर 473 के हिस्से पर घर, खसरा नंबर 794/1/खसरा का हिस्सा, मौजा पूर्व, एनबी 162, पटवारी हल्का नंबर 28ध7, आरएनएम जबलपुर –1, नगर निगम वार्ड नंबर 03 त्रिपुरी वार्ड, न्यू शास्त्री नगर कॉलोनी, जबलपुर, एमपी, 482003 | पता प्लॉट नंबर 473 के हिस्से पर घर, खसरा नंबर 794/1/खसरा का हिस्सा, मौजा पूर्व, एनबी 162, पटवारी हल्का नंबर 28ध7, आरएनएम जबलपुर –1, नगर निगम वार्ड नंबर 03 त्रिपुरी वार्ड, न्यू शास्त्री नगर कॉलोनी, जबलपुर, एमपी, 482003 क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट सांकेतिक कब्जा | 11.12.2024 / 19.03.2025 | 28,97,762.11 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500017409 120500009588 120500012339 | श्री मनोज कनौजिया श्रीमती अर्चना कनौजिया श्री राजेंद्र चौहान (गारंटर) फ्लैट नंबर 214, दूसरी मंजिल, गोपाल आर्केड, गोपाल बाग परिसर, मौजा जबलपुर, एनबी 264, पटवारी हल्का नंबर 4, वृत्त–30, खसरा नंबर 282/1, डायवर्टेड प्लॉट नंबर 213, नया प्लॉट नंबर 213/1, शीट नंबर 02 का हिस्सा, आरएनएम जबलपुर–1, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 37, जबलपुर, एमपी 482002 | फ्लैट नंबर 214, दूसरी मंजिल, गोपाल आर्केड, गोपाल बाग परिसर, मौजा जबलपुर, एनबी 264, पटवारी हल्का नंबर 4, वृत्त–30, खसरा नंबर 282/1, डायवर्टेड प्लॉट नंबर 213, नया प्लॉट नंबर 213/1, शीट नंबर 02 का हिस्सा, आरएनएम जबलपुर–1, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 37, जबलपुर, एमपी 482002 क्षेत्रफल 704 वर्ग फीट सांकेतिक कब्जा | 09.01.2025 / 18.03.2025 | 28,14,570.73 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Notice**) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : **21.03.2025**
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-452/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 17.02.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_403566 _1 19.03.2025 (FRIST CALL) 452/17.02.2025 | जोन क्रमांक -04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-44 चिरहुला कॉलोनी में श्री विजय शंकर मिश्रा जी के घर से नेत्रहीन विद्यालय तक पूर्व निर्मित कंक्रीट सड़क में डामरीकरण का कार्य तथा पूर्व निर्मित पुल तक आरसीसी नाली एवं पेवर ब्लॉक निर्माण का कार्य। | 04 माह 24.12 लाख | 5000.00 18090.00 | 21.04.2025 18:00 बजे तक |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री ,जोन क्रमांक 04
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Tender ID 2025_UAD_410944_1 Pro- 664 Date- 20/03/2025 | संभाग क्रं. 02 कछपुरा के अंतर्गत वीरसावरकर वार्ड में संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य (महापौर मद) | 02 माह रू 6.90 लाख | 2000/- 6908/- | 29/03/2024 |
| 2. | Tender ID 2025_UAD_410944_2 Pro - 664 Date- 20/03/2025 | संभाग क्रं. 02 कछपुरा के अंतर्गत मदनमहल वार्ड में दरगाह के मार्ग पर गुरूदेव कॉलोनी के पास नाली निर्माण कार्य (अध्यक्ष मद) | 03 माह रू 9.97 लाख | 2000/- 9977/- | 29/03/2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम,
जबलपुर

**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म. प्र. ) पिन - 482001
Phone No. 0761-2621541 E-mail :- cepwdcentral@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 12 / सा / 2024-25 — जबलपुर, दिनांक 18.03.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे ।

| स. क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला / संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _410232_1 | क्रं. - 1 जबलपुर | पनागर पड़रिया रिठौरी मार्ग लं. 8.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण सहित । | प्रथम | 1141.86 लाख | 10,00,000/- | 30,000/- | 16 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.inपर देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 02.04.2025 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा ।पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

G-24583 /24

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कार्यालय - बालोद वनमंडल बालोद**

**काष्ठगार डिपो बालोद का ई- ऑक्सन का संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि बालोद वनमण्डल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का ई-ऑक्सन व्दारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बालीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / वन काष्ठगार डिपो, बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 08/04/2025
नीलाम स्थल - प्रात: 09:00 बजे से

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

| क्रं. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | गत् अविक्रत काष्ठ | | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| .1 | सागौन | 127.970 | 495 | 1704 | 103.801 | 723 | 444 | 231.771 | 1218 | 2148 |
| 2 | बीजा | 17.364 | 0 | 0 | 25.250 | 0 | 0 | 42.614 | 0 | 0 |
| 3 | साजा | 9.561 | 2 | 0 | 2.361 | 0 | 0 | 11.922 | 2 | 0 |
| 4 | हल्दू | 0.04 | 0 | 0 | 2.968 | 0 | 0 | 3.372 | 0 | 0 |
| 5 | कसाही | 9.449 | 0 | 0 | 5.105 | 0 | 0 | 14.554 | 0 | 0 |
| 6 | धावड़ा | 11.221 | 0 | 32 | 0.844 | 0 | 0 | 12.065 | 0 | 32 |
| 7 | कहुआ | 8.355 | 15 | 32 | 2.755 | 0 | 0 | 11.110 | 15 | 0 |
| 8 | किरगी | 3.138 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 3.138 | 0 | 0 |
| 9 | धाठा | 2.622 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 2.622 | 0 | 0 |
| 10 | मुण्डी | 0.583 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.583 | 0 | 0 |
| 11 | कर्रा | 12.388 | 404 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 12.388 | 404 | 0 |
| 12 | महुआ | 0.000 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 |
| 13 | अन्य | 17.668 | 69 | 204 | 0.000 | 0 | 0 | 17.668 | 69 | 204 |
| | योग:- | 220.723 | 985 | 1940 | 143.206 | 723 | 444 | 363.929 | 1708 | 2384 |
| 10 | जलाऊ चट्टा | 199 चट्टा | | 14.5 चट्टा | | | | 213.5 चट्टा | | |
| 11 | व्यापारिक बांस | - | | 30871 नग = 70.128 नो. टन. | | | | 30871 नग = 70.128 नो. टन. | | |
| 12 | औद्योगिक बांस | 4284 बंडल = 56.515 नो. टन. | | 2598 बंडल = 29.556 नो. टन. | | | | 6882 बंडल = 86.071 नो. टन. | | |
| | निस्तार / उपभोक्ता/ बसोड़ डिपो, गुरूर , परिक्षेत्र, गुरूर | | | | | | | | | |
| 14 | जलाऊ चट्टा | | | 18 चट्टा | | | | 18 चट्टा | | |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्यके 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।

G-242506064/3

वन मंडलाधिकारी बालोद, वनमण्डल बालोद (छ.ग.)




## मंडला और बालाघाट सहित 13 जिलों में गिरेंगे ओले

# बदला मौसम का मिजाज, कई हिस्सों में आंधी-बारिश की चेतावनी

जबलपुर।

जबलपुर सहित पूरे मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रदेश में एक साथ दो सिस्टम एक्टिव है। जिसके चलते कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार है। 20 से 22 मार्च तक मौसम खराब रहने की संभावना है। कुछ जगहों पर ओले गिरने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में नए मौसमी सिस्टम सक्रिय है। जिसके कारण कुछ हिस्सों में आंधी के साथ झमाझम बारिश होने की संभावना है। मंडला और बालाघाट सहित 13 जिलों में दो दिन ओले गिरने का अलर्ट है। जबलपुर, और शहडोल संभाग में भी असर दिखाई देगा।



### तापमान में आई गिरावट

संस्कारधानी के तापमान में गिरावट आई है। हल्की ठंडक से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक, होली के बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य में फिर बारिश का दौर शुरू होने जा रहा है। अगले 24 घंटे के दौरान कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

### तीन दिन खराब रहेगा मौसम

मौसम विभाग का कहना है कि 20 से 22 मार्च तक मौसम खराब रहने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश देखी जा सकती है। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी संभावना है। इसको लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### आज इन जिलों में बारिश का अलर्ट

सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, मंडला, मैहर और मऊगंज जिलों में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं मंडला, बालाघाट, सिंगरौली, शहडोल और सीधी में 40 से 50 की स्पीड में हवा चलेगी। इन जिलों में कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। इसके अलावा जबलपुर, छिंदवाड़ा, उमरिया, डिंडोरी, नरसिंहपुर, सिवनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर और मैहर जिलों के विभिन्न हिस्सों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है।

# बरेला में भीषण सड़क हादसा, 2 की मौत

## बाईक सवारों को कुचला, कार को टक्कर मारी, 3 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत शारदा मंदिर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक सवार युवकों को टक्कर मार दी, इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बाईक सवारों को कुचलने के बाद ट्रक ने एक शिफ्ट कार को भी टक्कर मार दी, जिसमें बैठे कुछ लोग भी घायल हो गए। घटना गुरुवार की दोपहर की बताई गई है। यह समाचार लिखे जाने तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है कि मृतक मंडला के निवासी है। उनके संपर्कियों के फोन नहीं उठने से फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर मेडीकल मरचुरी में रखवा दिया। । बरेला थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि शारदा मंदिर के पास जबलपुर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 9 जी 83032 ने तेज भागते हुए सबसे पहले बाइक क्रमांक एमपी 20 जेडएच 6234 पर सवार युवकों को कुचल दिया। ट्रक इतनी रफ्तार में था कि उसने एक स्विफ्ट कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। कार में बैठे लोग घायल हो गए। मौके पर दो युवकों की मौत हो गई है। इसके अलावा कार में सवार लोगों को चोटे पहुंची थी। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल भिजवाया गया है। घटना की मुख्य वजह क्या है, पुलिस जांच पड़ताल पर जुटी हुई है। मृतक कहां के थे इस बारे में अभी प्रारंभिक जानकारी मिली है कि मृतक मंडला का रहने वाला है उनके पास से जो मोबाइल नंबर मिले थे वो फिलहाल नो रिस्पांस बता रहे है इसलिए विस्तृत विवरण प्रतीक्षित है।



# हाईवा बेचने का सौदा कर साढ़े 7 लाख हड़पे

जबलपुर।

गढ़ा थानान्तर्गत एक क्रेशर व्यवसायी को उज्जैन के एक जालसाज ने हाईवा बेचने का सौदा कर साढ़े सात लाख रुपये की चपत लगा दी। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406, 409 आईपीसी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गढ़ा पुलिस ने बताया कि कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी सुनील कुमार मिश्रा क्रेशर का कारोबार करते है। सुनील मिश्रा ने उज्जैन स्थित प्रिया आटो डील के हरगोविंद सिंह से तीन पुराने हाईवा खरीदे थे जिसके कारण सुनील की हरगोविंद सिंह से अच्छी जान पहचान हो गई थी। वर्ष 2022 में हरगोविंद ने एक हाईवा बेचने हाईवा का फोटो सुनील को व्हाट्सएप से भेजा था। सुनील को हाईवा पसंद आने पर उसने हाईवा खरीदने 12 लाख रुपये में सौदा तय किया। गत 2 अप्रैल 2022 को हरगोविंद के कोटक महिन्द्रा के बैंक खाते में 5 लाख रुपये क्रेशर कारोबारी सुनील मिश्रा ने अपनी बहू के स्टेट बैंक वाले खाते से तथा अपने साथी हिमांशु दुबे के स्टेट बैंक के खाते से 3 लाख रुपये ट्रांसफर किये। जब सुनील ने हरगोविंद को गाड़ी भेजने कहा तो उसने गाड़ी नहीं भेजी। गाड़ी नहीं भेजने पर सुनील ने पैसे वापस मांगे तो हरगोविंद टाल मटोल करने लगा। इसके बाद सुनील मिश्रा दो तीन बार उज्जैन गया और हरगोविंद से मुलाकात कर पैसे वापस मांगे तो वह कुछ दिनों का समय मांगने लगा। हरगोविंद ने अपनी फर्म प्रिया आटो डील के नाम से 3-3 लाख रुपये के जो चैक सुनील को दिये वह खाते में पर्याप्त पैसा नहीं होने के कारण बाउंस हो गये। इस तरह हरगोविंद ठाकुर ने अपने व्यापारिक रिश्तों का फायदा उठाकर क्रेशर व्यवसायी सुनील मिश्रा के साढ़े सात लाख रुपये अमानत में ख्यानत कर हड़प लिये।

# अवैध गैस रिफलिंग सेंटर में पुलिस का छापा

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत नर्मदा कालोनी जगमोहन वार्ड पनागर में घरेलू सिलेण्डर से अवैध रुप से वाहन में गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घरेलू सिलेण्डर, इलेक्ट्रानिक कांटा, विद्युत मोटर, एवं नगद 720 रूपये तथा आटो जप्त की है। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि नर्मदा कालोनी पनागर निवासी 32 वर्षीय बड्डू बर्मन गत शाम नर्मदा कालोनी जगमोहन वार्ड पनागर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर से आटो क्रमांक एमपी 20 आर 6257 में गैस रिफलिंग कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं आटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से इंडेन कम्पनी का अधभरा सिलेण्डर, एक इलेक्ट्रिक तौल कांटा, एक विद्युत मोटर पम्प, नगदी 720 रूपये एवं आटो जब्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 287 भारतीय न्याय संहिता के तहत तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# 2 देशी पिस्टल और 2 कारतूस सहित बुलेरो जब्त

## सिहोरा और गढ़ा पुलिस ने पकड़े 3 आरोपी

जबलपुर।

सिहोरा और गढ़ा पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देशी पिस्टल और दो कारतूस जब्त किए है। वहीं एक बुलेरो वाहन भी जब्त किया गया है जिसमें आरोपी घूम रहा था।

सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि कंकाली मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय साहिल जायसवाल गत रात अपने बुलेरो वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एल 9663 में पिस्टल लेकर गौरी तिराहा से कुर्रे रोड तरफ जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर कुर्रे रोड पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 पिस्टल, 1 कारतूस एवं बुलेरो वाहन जब्त किया है। बताया गया है कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध 4 अपराध अवैध वसूली एवं मारपीट के मामलें भी पंजीबद्ध है। इसी प्रकार गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि गत रात रामायण मंदिर के पास रामनगर गढा निवासी 23 वर्षीय शुभम चौधरी और 19 वर्षीय रोहित अहिरवार गत रात देवताल तालाब के पास अपराध करने की नीयत से पिस्टल लेकर खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने देवताल तालाब सीढ़ियों के पास बैठे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी शुभम चौधरी के कब्जे से देशी पिस्टल एवं आरोपी रोहित अहिरवार के कब्जे से एक कारतूस जप्त कर है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 25, 27, 35 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।







अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240